* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

07 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 257

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पेशाब कांड पीड़ित आदिवासी के पैर धोये








मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मनरेगा का अहम रोल : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की
- मनरेगा के तहत जिला कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी जिलों के डीसी को देने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने दी सहमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार का ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर है। इस लिहाज से मनरेगा से जुड़ी योजनाएं झारखंड के लिए काफी मायने रखती है। इन योजनाओं में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए इसकी मजबूत निगरानी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में परिषद की बैठक हर तीन माह में आयोजित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। जिससे कि तमाम योजनाओं की नियमित और विस्तार से समीक्षा हो सके।



**लाभुकों की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए लाभुकों की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। इससे योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने में भी मदद मिलेगी। लाभुकों को बिचौलियों से निजात मिलेगी।

**काम की कोई कमी नहीं है, चल रही हैं कई योजनाएं :** हेमंत सोरेन ने कहा कि मनरेगा के तहत राज्य सरकार द्वारा भी कई योजनाएं चलायी जा रही है। ऐसे में श्रमिकों के कार्य की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप इन योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दें और उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने की दिशा में पहल करें। इससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और गांव का भी तेजी विकास होगा।

**सामाजिक सुरक्षा के प्रावधानों का प्रचार-प्रसार करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरी करने वालों के लिए भी सामाजिक सुरक्षा के तहत सहायता अनुदान का प्रावधान है। ऐसे में इसकी जानकारी ग्रामीणों को हो, इसलिए सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

**चुआं और छोटे-छोटे झरने का जियो मैपिंग करायें:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य विशेषकर पहाड़ी इलाकों में अनेकों चुआं और छोटे-छोटे झरने हैं। इन सभी का जियो मैपिंग कराने की परियोजना बनायें। ताकि इसकी पानी की क्षमता को बढ़ाकर समुचित इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने संवर्धन योजना के तहत बनने वाले कुओं का भी जियो मैपिंग कराने का निर्देश दिया।

**उपायुक्त को मिलेगी कार्यक्रम समन्वय की जिम्मेदारी:** मुख्यमंत्री ने डीआरडीए का पंचायती राज विभाग में विलय के आलोक में मनरेगा के अंतर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी जिलों के उपायुक्तों को देने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत पंचायतों में योजनाओं का सोशल ऑडिट नियमित होनी चाहिए। इससे योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही पर अंकुश लगेगा। वहीं, दोषियों पर कार्रवाई हो सकेगी।

**खेल मैदानों के चारों ओर वृक्षारोपण हो:** हेमंत सोरेन ने कहा कि वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जो खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं, उसके चारों और वृक्षारोपण करायें। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को वन पट्टा मिल सके, इसके लिए मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा फलदार पेड़ लगाने की मुहिम को तेज करने को भी कहा। इसके तहत गांव में खाली जमीनों पर फलदार पेड़ लगायें, ताकि लाभुकों के आय में इजाफा के साथ पर्यावरण संरक्षण को बल मिले।

**मुखिया और जनप्रतिनिधियों से की बात :** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विभिन्न जिलों से आये मुखिया, जिला परिषद सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों से बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन - संचालन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में अधिकारियों को यथोचित कदम उठाने का निर्देश दिया।

**बैठक में थे मौजूद :** बैठक में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के उपाध्यक्ष एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और कृषि मंत्री बादल के अलावा विकास आयुक्त अरुण सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, अपर मुख्य सचिव एल खियांगते के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बेटी की मौत के सदमें में मां की हुई थी मौत

# मां-बेटी का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार




- अंतिम संस्कार के समय चचेरी बहन को लगा सदमा, उसकी भी हालत नाजुक

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना अंतर्गत गुटवा परसाटोली गांव में बेटी की मौत के बाद बुधवार देर रात सदमे में उसकी मां की भी मौत हो गयी। दोनों मां-बेटियों का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। इससे घाघरा का गांव शोक में डूबा हुआ है। उधर, जब मां-बेटी को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, तो लड़की के चचेरी बहन को सदमा लगा और तबियत खराब हो गयी। उसका इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है।

गौरतलब है कि घाघरा थाना क्षेत्र के गुट्वा परसा टोली गांव की रहने वाली सुगंती कुमारी (19) को कुछ दिनों से सांस लेने में परेशानी हो रही थी। ज्यादा परेशानी होने के बाद परिजन उसे घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गये। यहां से उसे बुधवार को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सुगंती के साथ उसकी मां रोपनी देवी (65 वर्ष) भी थीं। गुमला आने के दौरान ही रास्ते में सुगंती कुमारी की मौत हो गयी। बेटी की मौत होते ही मां रोपनी देवी सदमे में चली गयीं। देखते ही देखते एंबुलेंस में उनकी भी मौत हो गयी।

घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, गुरुवार की सुबह जब दोनों मृत मां-बेटी को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, तभी मृतक सुगंती की चचेरी बहन जानकी कुमारी को भी गहरा सदमा लगा। रोते-बिलखते हुए जानकी बेहोश हो गयी। परिजनों ने जानकी कुमारी को इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। उसे कई घंटे तक उसे होश नहीं आया था। खबर लिखे जाने तक उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

## चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग 14 को

**श्रीहरिकोटा।** भारत 14 जुलाई को दिन के 2.35 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से स्पेसशिप चंद्रयान-3 लॉन्च करेगा। इसरो ने यह जानकारी दी है। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने बताया कि चंद्रयान 23 या 24 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की कोशिश करेगा। यान पूरी तरह तैयार है। इसे बुधवार को ही लॉन्चिंग व्हीकल एनवीएम-।।। में फिट किया गया था। इस मिशन का पूरा बजट 651 करोड़ का है। अगर चंद्रयान-3 का लैंडर चांद पर उतरने में सफल होता है, तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जायेगा।




# नयी नियुक्तियों के साथ भाजपा ने शुरू की नयी 'सोशल इंजीनियरिंग'

## ■ मिशन 2024 को हासिल करने के लिए कोर वोटरों के पास लौटने की कवायद

## ■ चार नये प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति से भगवा पार्टी ने कर दी है बड़ी शुरुआत

## ■ जाखड़ हों या पुरंदेश्वरी, अपने-अपने प्रदेशों में है अलग राजनीतिक पहचान

**आजाद सिपाही विशेष**

**चुनावी साल में राजनीतिक दल अपने संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने में जुट गये हैं। कांग्रेस जहां अलग-अलग राज्यों में गुटबाजी की समस्या से पार पाने के लिए एक्शन मोड में है, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी भी संगठन के स्तर पर कोई कमजोर कड़ी नहीं छोड़ना चाहती है। केंद्र की सत्ता पर काबिज एनडीए की अगुवाई कर रही भाजपा भी राज्यों के संगठन की धार तेज करने की कवायद में जुटी है। इसके तहते उसने झारखंड, पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में नये प्रदेश अध्यक्ष बनाये हैं। इन नियुक्तियों में साफ देखा जा सकता है कि लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की तैयारी में जुटी भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग का नया अध्याय शुरू किया है। पार्टी ने झारखंड में आदिवासी कार्ड चल दिया है, तो वहीं पंजाब में पार्टी की कमान कांग्रेस से आये सुनील जाखड़ को सौंपी है, जबकि आंध्र प्रदेश में डी पुरंदेश्वरी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। जी किशन रेड्डी तेलंगाना भाजपा के नये अध्यक्ष बनाये गये हैं। इन नियुक्तियों से भाजपा ने साफ संदेश दे दिया है कि उसकी नजर केवल 2024 पर ही नहीं है, बल्कि उससे आगे पर भी है। मरांडी की नियुक्ति से जहां झारखंड के साथ छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान जैसे चुनावी राज्यों में आदिवासी वोटरों को साधा जा सकेगा, वहीं जाखड़ की मदद से पंजाब के अलावा राजस्थान को भी साधने की कोशिश की गयी है। आंध्रप्रदेश की कमान डी पुरंदेश्वरी को सौंप कर भाजपा ने अगल-बगल के राज्यों में कई समीकरण साधे हैं, क्योंकि एनटीआर की बेटी की अलग राजनीतिक पहचान है। दरअसल भाजपा ने साल 2024 के चुनाव को लेकर माइक्रो लेवल प्लान बनाया है। पार्टी संगठन से लेकर सरकार तक बड़े बदलाव की तैयारी में है। भाजपा द्वारा की गयी इन नियुक्तियों के राजनीतिक निहितार्थ का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह




भारतीय जनता पार्टी 2024 के चुनावी मोड में आ चुकी है। महाराष्ट्र से लेकर बिहार तक विपक्षी खेमे में सेंधमारी करके सियासी गठजोड़ बनाने में जुटी है, तो पंजाब से लेकर झारखंड, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बदल कर सियासी समीकरण साधने की कवायद की है। सिख बहुल पंजाब में भाजपा ने सुनील जाखड़ के जरिये हिंदू कार्ड, तो झारखंड में बाबूलाल मरांडी के चेहरे को आगे करके आदिवासी समुदाय के वोटों को अपने साथ जोड़ने का दांव चला है। ऐसे में भाजपा को इस नयी सोशल इंजीनियरिंग के लिए दलबदलू नेताओं पर ही भरोसा करना पड़ा है, लेकिन इसका उसे दूरगामी लाभ मिल सकता है।

### भाजपा के चार नये प्रदेश अध्यक्ष

भाजपा ने चार प्रदेशों के अध्यक्ष बदल दिये हैं। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आये सुनील जाखड़ को पंजाब की कमान सौंपी गयी है, जो अश्विनी शर्मा की जगह लेंगे। झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी बाबूलाल मरांडी को सौंपी गयी है, जो दीपक प्रकाश का स्थान लेंगे। इसी तरह तेलंगाना में प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री जे किशन रेड्डी को मिली है, जो बंदी संजय की जगह लेंगे, तो आंध्र प्रदेश में भाजपा ने डी पुरंदेश्वरी को पार्टी की कमान सौंपी है, जो सोमू वीरराजू का स्थान लेंगी। भाजपा ने चारों प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के जरिये अपने सियासी समीकरण को दुरुस्त करने की रणनीति अपनायी है।

### जाखड़ के जरिये एक तीर के कई शिकार

भाजपा ने सुनील जाखड़ को पंजाब प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपकर एक तीर से कई शिकार किये हैं। भाजपा ने जाखड़ के जरिये जाट हिंदू वोटों को साधने के साथ-साथ किसानों की नाराजगी को भी दूर करने का दांव चला है। इसके अलावा पार्टी ने जाखड़ को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस और दूसरे दलों के उन नेताओं को भी संदेश दे दिया है कि अगर दलबदल कर वे भाजपा में आते हैं, तो पार्टी में स्वागत ही नहीं, बल्कि सियासी अहमियत भी देगी। इतना ही नहीं, भाजपा को पंजाब में लंबे अर्से और नवजोत सिद्धू के पार्टी से जाने बाद सुनील जाखड़ के रूप में एक मजबूत जनाधार वाला नेता जरूर मिल गया है, जिसकी अलग राजनीतिक पहचान है।

### भाजपा का कमजोर दुर्ग हुआ मजबूत

पंजाब की सियासत में भाजपा के पास अब नेताओं की एक पूरी फौज है। शिरोमणि अकाली दल के साथ रहते हुए भाजपा पंजाब की चंद सीटों पर ही चुनाव लड़ती रही है, जिसमें अमृतसर, गुरदासपुर, होशियारपुर सीटें शामिल हैं। ऐसे में मालवा के इलाके में अकाली दल के चुनाव लड़ने से भाजपा कभी अपना आधार नहीं जमा पायी थी। अकाली दल से नाता टूटने के बाद से भाजपा मालवा के इलाके को मजबूत करने में लगी है, जिसके लिए सुनील जाखड़ से कैप्टन अमरिंदर सिंह, अरविंद खन्ना और मनप्रीत सिंह बादल जैसे दिग्गज नेता भाजपा के साथ आ गये हैं। मालवा से आने वाले सुनील जाखड़ को पंजाब प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने मालवा को साधने का दांव चला है। पंजाब की सियासत पर मालवा का दबदबा रहा है और अभी तक जितने मुख्यमंत्री बने हैं, वे सब भी मालवा से हैं। आम आदमी पार्टी ने मालवा क्षेत्र जीत कर पंजाब में अपनी सरकार बनायी है। पंजाब के शहरी इलाके में हिंदू मतदाता हैं, जो आम आदमी पार्टी का कोर वोट बैंक बन गया है। भाजपा अब उसे अपने पाले में लाने के लिए ही सुनील जाखड़ पर दांव खेला है, जो जाट हिंदू समुदाय से आते हैं। जाखड़ के पास संगठन का अनुभव है और किसानों की बीच उनकी मजबूत पकड़ रही है, जिसका भाजपा लाभ उठाना चाहती है।

### मरांडी के जरिये आदिवासी वोटों पर नजर

भाजपा ने झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी बाबूलाल मरांडी को सौंपी है। मरांडी के पास लंबा सियासी अनुभव है। वह झारखंड के पहले मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। राज्य की सियासत में मरांडी बड़ा आदिवासी चेहरा माने जाते हैं और संताल अदिवासी समुदाय से आते हैं। संताल के इलाके में भाजपा काफी कमजोर स्थिति में है, जिसके चलते बाबूलाल मरांडी को पार्टी की जिम्मेदारी देकर आदिवासियों के साथ संताल को भी साधने की कवायद की गयी है। झारखंड में भाजपा को 2019 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी समुदाय की नाराजगी का खामियाजा उठाना पड़ा, जिसके चलते उसे सत्ता गवांनी पड़ी। भाजपा ने साल 2014 में रघुवर दास को मुख्यमंत्री बनाया था, जो गैर-आदिवासी समुदाय से हैं। हेमंत सोरेन को इसी का सियासी लाभ मिला। भाजपा ने सोरेन के सियासी दांव को उसी कार्ड से फेल करने की रणनीति चली है। इसीके मद्देनजर भाजपा ने पार्टी छोड़कर जा चुके बाबूलाल मरांडी को दोबारा से 2020 में घर वापसी करायी और पहले विधायक दल का नेता और अब पार्टी की कमान देकर आदिवासी समुदाय को सियासी संदेश देने की कवायद की है। इसके अलावा मरांडी स्वच्छ छवि वाले नेता माने जाते हैं और भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने आक्रामक रुख अपना रखा है। हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ मरांडी मोर्चा खोले हुए हैं। ऐसे में भाजपा ने मरांडी पर दांव चलकर झारखंड की सियासत में नये समीकरण को बनाने की रणनीति अपनायी है।

### तेलंगाना में भाजपा ने चला बड़ा दांव

तेलंगाना में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और अगले साल लोकसभा चुनाव है। इसी मद्देनजर भाजपा ने तेलंगाना की कमान केंद्रीय मंत्री जे किशन रेड्डी को सौंपी है, जो भारी भरकम चेहरे के साथ संगठन के भी काफी अनुभवी नेता माने जाते हैं। 2010 से 2014 तक जी किशन रेड्डी आंध्र प्रदेश (संयुक्त) के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। छात्र राजनीति से सियासत में आये हैं और भाजपा के साथ शुरुआती दौर से जुड़े हैं। तेलंगाना अलग राज्य के आंदोलन में भी रेड्डी की अहम भूमिका रही है। ऐसे में भाजपा ने उन्हें पार्टी की कमान सौंप कर तेलंगाना को साधने का बड़ा दांव चला है। वैसे भी भाजपा के लिए दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा उम्मीद कहीं नजर आ रही है, तो वह तेलंगाना है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा वहां एक सीट ही जीत सकी थी, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 17 में से चार सीटें जीतने में वह सफल रही थी। इसके बाद हैदराबाद के नगर निगम चुनाव में भाजपा ने जबरदस्त तरीके से प्रदर्शन किया था। भाजपा कर्नाटक की सत्ता गंवाने के बाद तेलंगाना में किसी तरह का कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है, जिसके लिए बंदी संजय को हटा कर जे किशन रेड्डी को कमान सौंपी गयी है, ताकि मजबूती के साथ केसीआर की बीआरएस और कांग्रेस से मुकाबला किया जा सके। कांग्रेस ने टीडीपी से आये युवा नेता रवन्ना रेड्डी को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंप कर अपने सियासी आधार को मजबूत किया है, जिसके चलते भाजपा ने भी अब तेजतर्रार प्रदेश अध्यक्ष बना कर सियासी संदेश दिया है।

### आंध्रप्रदेश में डी पुरंदेश्वरी को कमान

आंध्रप्रदेश में भाजपा ने एनटी रामा राव की बेटी डी पुरंदेश्वरी को पार्टी की कमान सौंपी है। पुरंदेश्वरी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आयी हैं और सोमू वीरराजू की जगह उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वह सांसद से लेकर केंद्र में मंत्री रह चुकी हैं और संगठन में भी अलग-अलग पदों पर रहकर जिम्मेदारियां उठा चुकी हैं। वह आंध्रप्रदेश की सियासत में काफी तेज-तर्रार महिला नेता मानी जाती हैं। उन्हें दक्षिण का सुषमा स्वराज कहा जाता है। भाजपा ने पुरंदेश्वरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर महिलाओं को साधने के साथ-साथ एनटी रामा राव की विरासत को भी भुनाने की कोशिश की है। आंध्रप्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस के खिलाफ भाजपा ने आक्रामक रुख अपना रखा है और कांग्रेस कमजोर स्थिति में है, जिसके चलते भाजपा अपना सियासी आधार बढ़ाने के लिए कांग्रेस से आयी नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर सियासी संदेश देने की कवायद की है।

इस तरह देखा जाये, तो भाजपा द्वारा की गयी ये नियुक्तियां उसकी दूरगामी रणनीति का परिचय तो देती ही हैं, राज्यों के साथ आम चुनावों में नयी समीकरणों को साधने की उसकी कुशलता को भी उजागर करती है।

---

# देवघर बाबा मंदिर में 17 से दिखेगी बिल्व पत्र प्रदर्शनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** देवघर बाबा मंदिर में चली आ रही पौराणिक परंपरा के अनुसार बेलपत्र प्रदर्शनी और बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा है। यह परंपरा 150 से अधिक वर्षों से चली आ रही है। बांग्ला श्रावण 17 जुलाई सोमवार कर्क संक्रांति से सभी दलों द्वारा बाबा भोलेनाथ पर बिल्वपत्र अर्पित किया जायेगा, जो 17, 24 और 31 जुलाई, सात और 14 अगस्त को सोमवार को बिल्व पत्र चढ़ा कर प्रदर्शित की जायेगी।

17 जुलाई और 17 अगस्त को संक्रांति को विभिन्न समाज की ओर से आकर्षक प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इसमें काली मंदिर में जनरेल समाज एवं देवकृपा वन सम्राट बेलपत्र समाज, तारा मंदिर में बरनेल समाज, लक्ष्मी नारायण मंदिर में मसानी दल एक एवं मसानी दल दो एवं शांति अखाड़ा समाज, राम मंदिर में राजाराम बेलपत्र समाज, आनंद भैरव मंदिर में पंडित मनोकामना राधे श्याम बेलपत्र समाज के दो दलों द्वारा आकर्षक एवं बाबा की त्रिनेत्र के समान अनोखे पहाड़ी बिल पत्र की प्रदर्शनी लगायी जाती है। सभी दलों के सदस्यों द्वारा शाम लगभग पांच बजे अपने बिल्व पत्र को चांदी के बर्तनों में सजाकर शहर भ्रमण को निकलते हैं। इसके बाद वह अपने बिल्व पत्र के साथ अपनी गद्दी पर जाकर प्रदर्शित करते हैं।

राज्य सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से शिवगंगा में लेजर लाइट शो के माध्यम से बाबा मंदिर का इतिहास और आसपास के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जायेगी। इसके लिए शिवगंगा की सफाई एवं विद्युत व्यवस्था के साथ प्रोजेक्टर लगाने का काम चल रहा है। इस वाटर प्रोजेक्टर को शिवगंगा में लगाने के लिए दिल्ली से टीम आयी है। टीम के एक सदस्य ने बताया कि इस वाटर प्रोजेक्टर को शिवगंगा के बीच में लगाया जायेगा और उसमें शिवगंगा, बाबा मंदिर सहित 22 मंदिरों, शिवलिंग की स्थापना एवं आसपास के पर्यटन क्षेत्रों के इतिहास को लेजर लाइट के माध्यम से दिखाया जायेगा।

# साहिबगंज के माइंस कारोबारी कृष्णा साहा से पूछताछ करेगी इडी, कोर्ट ने दी इजाजत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक हजार करोड़ के अवैध खनन केस में गिरफ्तार साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान इडी के अधिवक्ता ने कृष्णा साहा को पूछताछ के लिए सात दिन की रिमांड कोर्ट से मांगी। इडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ऊर्फ काका जी की बहस सुनने के बाद इडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड पर लेकर कृष्णा साहा से पूछताछ की इजाजत दी है।



बता दें कि इडी ने बुधवार को लंबी पूछताछ के बाद कृष्णा साहा को देर शाम गिरफ्तार किया था। एक जुलाई को कृष्णा साहा को इडी ने समन भेज कर रांची स्थित जोनल कार्यालय में पांच जुलाई को उपस्थित होने को कहा था। साहिबगंज जिले के पतना अंचल क्षेत्र के चपांडे पहाड़ में 30 जून की रात अवैध खनन के दौरान दो मजदूरों की मौत मामले में रंगा थाने में पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# रणजीत ने बाबूलाल मरांडी को दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश-सह-संयोजक एवं व्यवसायी रणजीत सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी के अध्यक्ष बनने से राज्य सरकार के खिलाफ लड़ाई और धारदार होगी एवं आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचरण होगा। उन्होंने निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को उनके बेहतरीन कार्यकाल के लिए विशेष बधाई दी।



# खनन व्यवसायी कृष्ण साहा ने पंकज मिश्रा को दिये 30 लाख

### अकाउंट में भी ट्रांसफर किये पैसे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साहेबंगज में अवैध खनन की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय यानी इडी की अब तक की जांच में यह बात सामने आयी है कि बुधवार को जिस खनन व्यवसायी कृष्ण कुमार साहा को इडी ने गिरफ्तार किया है, उसने करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की है। अवैध खनन के जरिये करोड़ों की काली कमाई करने के आरोपी पंकज मिश्रा और कृष्ण कुमार साहा का डायरेक्ट कनेक्शन है। कृष्ण साहा ने पंकज मिश्रा को 25 लाख रुपये से ज्यादा नकद दिये और 10 लाख रुपये पंकज मिश्रा के अकाउंट में ट्रांसफर किये, जिसका अकाउंट नंबर 23420100000444 है। यह पैसे पंकज मिश्रा को इसलिए दिये गये, ताकि अवैध खनन के कारोबार में कोई अड़चन न आये। इतना ही नहीं, कृष्ण साहा ने अपने और अपनी कंपनी के विभिन बैंक एकाउंट के जरिये 19 करोड़ से ज्यादा की मनी लॉन्ड्रिंग की। यह पैसे अवैध खनन से अर्जित किये गये थे। बता दें कि मनी लॉड्रिंग केस की जांच के दौरान इडी ने बुधवार की देर शाम साहेबगंज के खनन व्यवसायी कृष्ण कुमार साहा को गिरफ्तार किया है, जिसे गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से इजाजत मिलने के बाद एजेंसी उससे 5 दिनों तक पूछताछ करेगी।

# दो आइपीएस को मिली डीआइजी रैंक में प्रोन्नति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर के 2009 बैच के दो आईपीएस इंद्रजीत महथा और संजय रंजन सिंह को डीआइजी रैंक में प्रोन्नति दी गयी है। इंद्रजीत महथा को डीआइजी रैंक में प्रोन्नति प्रदान करते हुए अगले आदेश तक डीआइजी एसटीएफ झारखंड के पद पर पदस्थापित किया गया है, जबकि संजय रंजन सिंह को डीआइजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए डीआइजी झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। दूसरी ओर 2009 बैच के ही आइपीएस संजीव कुमार को डीआइजी रैंक में प्रोन्नति नहीं दी गयी। संजीव कुमार वर्तमान में धनबाद एसएसपी के पद पर पदस्थापित हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.0 °c | 24.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.09 बजे |

## गुवाहाटी में झारखंड सहित 11 राज्यों की सांगठनिक बैठक

# तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को लेकर विचार विमर्श

**पार्टी को सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी बनाने के साथ मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा पूर्वी क्षेत्र के राज्यों बिहार, झारखंड, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा की गुवाहाटी में सांगठनिक बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल हुए।

बैठक को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, सह संगठन महामंत्री प्रकाश का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार मजबूत सरकार बनाने की योजनाओं पर गहन विचार विमर्श हुआ। पार्टी को सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी सर्व समावेशी बनाने, केंद्र सरकार सहित विभिन्न भाजपा शासित राज्यों की लोक कल्याण कारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

बैठक में मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल और महा जनसंपर्क अभियान में जनता से मिल रहे अपार जन समर्थन के लिए जनता के प्रति आभार प्रकट किया गया। झारखंड सहित गैर भाजपा शासित राज्यों में जनविरोधी नीतियों, कुशासन, ध्वस्त विधि व्यवस्था आकंठ भ्रष्टाचार, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला, युवा विरोधी कार्यों को उजागर करते हुए उसके खिलाफ आंदोलन को तेज करने का भी आह्वान हुआ।


भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या 13/एएफओ/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"चावल फसल की संकाय में आनुवांशिक प्रगति को त्वरित करना"** (ईएपी-326) परियोजना के लिए **एक (01) कृषि क्षेत्र संचालक** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **18.07.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि अदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on **18.07.2023** for selection of one **(01) Agricultural Field Operator (AFO)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme entitled **"Accelerating genetic gains in rice alliance" (EAP-326)**. The details regarding essential/desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website- **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वशक/PRINCIPAL INVESTIGATOR


# नीति आयोग की टीम 11 को झारखंड आयेगी

## केंद्र सरकार की योजनाओं की करेगी समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नीति आयोग की टीम झारखंड दौरे पर आ रही है। 11 जुलाई को आयोग की टीम राज्य में केंद्र सरकार के योजनाओं की समीक्षा करने पहुंचेगी। जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को टीम प्रोजेक्ट भवन में बैठक करेगी, जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। मालूम हो कि 27 मई 2023 को मुख्यमंत्री नीति आयोग की बैठक में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने सरकार के सामने कई प्रस्ताव रखे थे।

नीति आयोग की बैठक में हेमंत सोरेन ने एमएसएमइ निदेशालय की स्थापना और जिला उद्योग केंद्रों को विकसित करने की मांग को भी रखा था। इसके साथ ही एमएसएमइ में अस्थाई पूजी की सब्सिडी को 25 प्रतिशत से बढ़ा कर अधिकतम 40 फीसदी किया जा रहा है। इसे लेकर भी कई सुझाव हेमंत सोरेन ने नीति आयोग की बैठक में दिये थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीति आयोग की बैठक में कहा था कि झारखंड ने विगत 3 वर्षों में विकास की गति को काफी तेजी से पकड़ा है। झारखंड में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएं हैं। इसको लेकर हमें मिल कर काम करने की जरूरत है, ताकि केंद्र और राज्य के मिलकर काम करने से झारखंड तेजी से विकास कर सके।

# बोकारो के डुमरी-नावाडीह मुख्य मार्ग पर पलटा ट्रक, सरसों तेल की मच गयी लूट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजस्थान से सरसों तेल लेकर आ रहा एक ट्रक बोकारो के डुमरी-नावाडीह मुख्य सड़क के पास स्थित पुल के नीचे गिर कर पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसमें लोड 1400 टीना सरसों तेल को लूटने की होड़ मच गयी। इस दौरान लाखों रुपये का तेल स्थानीय ग्रामीण एवं राहगीर मौका का लाभ उठाते हुए लेकर चलते बने, वहीं करीब 200 टीना तेल तरवा जोरिया में बह गया। घटना की जानकारी मिलते ही नावाडीह थाना प्रभारी मनीष कुमार, एएसआइ श्रवण कुमार, धीरेंद्र देव मनीषी, जयशीष शर्मा आदि दलबल के साथ पहुंच कर ग्रामीणों को खदेड़ कर भगाया। इस संबंध में तेल कारोबारी की लिखित शिकायत पर नावाडीह थाना में मामला दर्ज किया गया।

### राजस्थान से जैना मोड़ जा रहा ट्रक

घटना के संबंध में महेश ट्रेडिंग कंपनी के रामपति पांडेय ने बताया कि करीब 25 लाख मूल्य के सरसों तेल लोड कर ट्रक शांति इंडस्ट्रीज भरतपुर, राजस्थान से चलकर महेश ट्रेडिंग कंपनी, जैना मोड़ जा रहा था। इसी दौरान डुमरी के रास्ते पुल के करीब पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही एक वीआइपी कार को बचाने के क्रम में ट्रक पुल की रैलिंग को तोड़ते हुए 20 फीट नीचे गिर कर पलट गया। हालांकि, इस घटना में ड्राइवर सुरक्षित बच निकला, लेकिन खलासी घायल हो गया, जिसे नावाडीह के एक निजी अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए बोकारो भेज दिया गया। ट्रक में 15 किलोग्राम का टीना, प्लास्टिक जार, पांच एवं दो किलोग्राम का जार, एक तथा आधा लीटर का पाउच के अलावा 200 मिली का बोतल के रूप में सरसों तेल लोड था।

### ट्रक के पलटते ही सरसों तेल लूट कर भागे लोग

इधर, सरसों तेल लदे ट्रक के पलटने की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण, सड़क पर चलते राहगीर, कोयला ढुलाई करने वाले मजदूर मौका का लाभ उठाते हुए लाखों रुपये का सरसों तेल लेकर फरार हो गया। वहीं, करीब तीन लाख रुपये का तेल टीना और पाउच के फटने से जोरिया में बहकर बर्बाद हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान करीब तीन लाख रुपये का तेल जैना मोड़ के तेल मालिक मजदूर लगाकर निकलकर अपने साथ ले गये। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना विलंब से मिलने के कारण तेल चोरी किये जाने की जानकारी मिली है। घटनास्थल के समीप एक घर से तेल बरामद भी किया गया है। वहीं, पुलिस बोरवाड़ीह, ब्लॉक मोड़ आदि जगहों पर सर्च अभियान चलाकर तेल बरामद करने में जुटी हुई है। इस मौके पर चिरूडीह के पुर्व मुखिया रणविजय सिंह, निर्मल महतो, कलाम राय, साधु महतो, नितेश कुमार, सुरेश महतो, संजय कुमार, बैजनाथ महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# जदयू की प्राथमिक सदस्यता से गौतम सागर राणा ने इस्तीफा दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जदयू के पूर्व अध्यक्ष और झारखंड में अपनी पार्टी के बहुचर्चित नेता गौतम सागर राणा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 16 अक्टूबर, 2022 को ही अपनी पार्टी झारखंड जनता दल का जदयू में विलय किया था। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें उनके समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता दिलायी थी।

### पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष न बनाये जाने से नाराजगी

गौतम सागर राणा ने गुरुवार को अपना त्यागपत्र जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को भेजा। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने उनके त्यागपत्र को राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया है। गौतम सागर राणा ने अपने त्यागपत्र देने का कोई कारण नहीं बताया है। बताया जाता है कि वह इस आशा में जदयू में शामिल हुए थे कि उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जायेगा, जबकि उन्हें सिर्फ कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया।

### राजनीति में सफर है काफी पुराना

राणा जेपी आंदोलन के समय से राजनीति कर रहे हैं। इस दौरान वह दो बार बगोदर से विधायक चुने जा चुके हैं। संयुक्त बिहार में ही दो बार एमएलसी भी रहे हैं। वह राजद के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। उन्हें हटाकर राजद ने अभय सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया था, जिसके बाद राणा ने नयी पार्टी झारखंड जनता दल का गठन कर लिया था।

## वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल सांसद धीरज साहू से मिला

# ओबीसी को 27% आरक्षण दिलाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/नयी दिल्ली।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से भी उनके नयी दिल्ली स्थित आवास पर मिल कर ओबीसी को 27% आरक्षण दिलाने की मांग की। इस संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंप कर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तक झारखंड के ओबीसी और वैश्यों की भावनाओं से अवगत कराने का आग्रह किया गया।

सांसद धीरज साहू ने प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि वे सकारात्मक पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि ओबीसी को झारखंड में भी 27% आरक्षण मिलना चाहिए। वे इसके पक्षधर हैं। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, उप प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, दिलीप प्रसाद, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, धनबाद जिला अध्यक्ष शैलेनचंद्र मंडल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहू शामिल थे।

# झारखंड हाइकोर्ट ने भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव पर पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की एकल पीठ ने भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव पर बालूमाथ में दर्ज मुकदमे में पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश देते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। ज्ञातव्य है कि मंटू कुमार नामक एक व्यक्ति ने लातेहार के बालूमाथ थाना में कांड संख्या 93/2023 के जरिये प्रतुल शाहदेव पर मारपीट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी। प्रतुल ने उच्च न्यायालय में दाखिल अपनी याचिका में उनके द्वारा चंदवा के चकला में स्थित अभिजीत प्लांट में हो रहे स्क्रैप लूट के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का जिक्र किया। याचिका में कहा गया है की उनके ऊपर लगाये ग. सभी आरोप बेबुनियाद है।

प्रतुल ने याचिका के माध्यम से न्यायलय को बताया की माफियाओं और इस पूरे रैकेट को चलाने वाले सफेदपोशों के द्वारा उन पर दबाव बनाने हेतु यह मामला दर्ज कराया गया है। याचिका में न्यायलय से अभिजीत प्लांट में हो रहे अरबों रुपयों की स्क्रैप चोरी में न्यायिक हस्तक्षेप का भी आग्रह किया गया ताकि माफिया तत्वों और सफेदपोशों की शिनाख्त हो सके। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त, 2023 को निर्धारित किया है।

प्रतुल शाहदेव की ओर से पूर्व महाधिवक्ता और वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पैरवी की, जबकि सरकारी पक्ष के अधिवक्ता मनोज कुमार थे।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल आम अवाम विकास मोर्चा के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है । पार्टी कार्यालय श्रीमति शैल देवी भवन ,सुखबाना,गढ़वा ,झारखंड-822114 में स्थित है । इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है । पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/ पता नीचे दिए गए हैं :

राष्ट्रीय अध्यक्ष: राम नरेश यादव ,ग्राम-पिपरडीह,थाना-नगर ऊंटारी ,जिला -गढ़वा ,झारखंड-822121

महासचिव : मधुसूदन शर्मा ,ग्राम-रेजो ,थाना-मेराल ,जिला-गढ़वा ,झारखंड-822114

कोषाध्यक्ष : पुनीत यादव ,ग्राम-पुतुर ,थाना-धुरकी ,जिला -गढ़वा,झारखंड-822121

यदि किसी को आम अवाम विकास मोर्चा के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल ),भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड ,नई दिल्ली 110001 को ,इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर भेजें.



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**सूचना सं.: आरई–डीएनआर–160kmph-डब्लूटी–02**

मुख्य परियोजना निदेशक (इंजीनियरिंग), रेल विद्युतीकरण, दानापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य की ई–निविदा अनुभवी, आर्थिक तथा तकनिकी रूप से सक्षम ठेकेदारों से आमंत्रित करते हैं, जो दिनांक 31.07.2023 को खोली जायेगी।

**1. कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के प्रधानखंता – मानपुर सेक्शन और पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मानपुर – पं. दीनदयाल उपाध्याय सेक्शन में गति सीमा को 160 कि.मी. प्र.घं. तक बढ़ाने के सम्बन्ध में पं. दीनदयाल उपा. मंडल के सोननगर स्टेशन एवं करामनासा स्टेशन पर नियंत्रण भवन के साथ प्रबलित सीमेंट कंक्रीट का चारदीवारी एवं LILO के प्रावधान के लिए अन्य कार्य करना। **2. अनुमानित लागत:** रु. 3,89,28,546.20 **3. बयाना राशि:** रु. 3,44,700.00 **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं खुलने का तिथि:** जमा दिनांक 17.07.2023 को 00:00 बजे से 31.07.2023 को 14.00 बजे तक एवं दिनांक 31.07.2023 को 14:00 बजे खोला जाएगा। **5. वेबसाइट विवरण, सूचना पट का स्थान, जहाँ पर निविदा सूचना का पूर्ण विवरण देखा जा सके और कार्यालय पता, जहाँ से निविदा फॉर्म खरीदा जा सके:** वेबसाइट https://ireps.gov.in सूचना पट का स्थान और कार्यालय पता:– मुख्य परियोजना निदेशक (इंजी), रेल विद्युतीकरण, दानापुर का कार्यालय, (जगजीवन स्टेडियम के पास), पोस्ट–खगौल, पटना–801105 (बिहार)।

कृते मुख्य परियोजना निदेशक (इंजी)
रेल विद्युतीकरण/दानापुर

पीआर/00685/आरई/ईएनजीजी/टी/23–24/44


## अग्रसेन भवन में सावन महोत्सव : दूसरे दिन महिलाओं ने की खरीदारी

# सावन सिंधारा में महिलाओं ने खूब मस्ती की

आजाद सिपाही सवाददाता



**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित 24वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव सह हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी मेला के दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंधारा का आयोजन किया गया। इसमें सभी महिलाओं ने खूब मस्ती की। मेहंदी रचाई, सावन के मनमोहक गाने मे खूब ठुमके लगाये, सास बहू और बेटियों ने गाने के साथ नृत्य का आनंद लिया,एवं अंताक्षरी खेली गयी तथा लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। सावन महोत्सव मेले मे 100 से भी ज्यादा स्टॉल लगाये गये हैं, जहां जयपुरिया आभूषण ज्वेलरी, मधुबनी पेंटिंग, कोलकाता से ढेरों डिजाइनर साड़ियां,सलवार सूट छोटे बच्चों के स्पेशल कपड़े, नेपाली कंबल, चादरें, इमिटेशन ज्वेलरी तरह-तरह की नवीनतम डिजाइनो में रंग-बिरंगे वंदनवार, राखियां, सजावट के सामान श्रृंगार की सामग्री, हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी सैकड़ों महिलाओं ने जमकर खूब की। चांदी की राखियां सबसे आकर्षण का केंद्र रही, लड्डू गोपाल की ड्रेस, पूजा की सामग्री, शादी के लहंगे, इंडो वेस्टर्न ड्रेसेस, बनारस भागलपुर की साड़ियां की जबरदस्त मांग रही। अग्रवाल सभा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने बताया कि 7 जुलाई को संध्या 5 बजे सावन महोत्सव का समापन होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल होंगे। सभा द्वारा मेले के बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी,मेले की सह संयोजिका अनुसुइया नेवटिया, रीना सुरेखा, अनु पोद्दार, मंजू केडिया, नैना मोर, उर्मिला पाड़िया, बीना बुबना, बीना मोदी, बबीता नारसरिया, रीता केडिया, जया बिजावत, सीमा टांटिया, रेनू छापरिया, मधु सराफ, सुधा अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, गीता डालमिया, लक्ष्मी पाटोदिया, विद्या अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सरिता मोदी, सुशीला पोद्दार, शोभा हेतमसरिया, प्रीति बंका, छाया अग्रवाल, अरुणा गुप्ता, मीरा टिबडेवाल, सुनैना के अलावे अन्य महिलाएं अपना भरपूर सहयोग दे रही है। उक्त जानकारी प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

**राशिफल**

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान। हर्ष तथा उल्लास का वातावरण बनेगा।
- **वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता।
- **मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे। निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे।
- **कर्क** — शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास। शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मानसिक शक्तियों में वृद्धि। मित्रों का सहयोग।
- **कन्या** — धनागम के अवसर बढ़ेंगे। अवसरों का फायदा उठावें। परिवार में मांगलिक कार्य होगा।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। आर्थिक परेशानी दूर होगी। सेहत में सुधार होगा।
- **वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना।
- **धनु** — बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा, जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।
- **मकर** — वाहन सुख। यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे। संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि।
- **कुंभ** — खर्च अधिक होगा। कोई समस्या आ सकती है, परंतु आप सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।
- **मीन** — अधिक व्यय करना पड़ेगा। मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भंडार विभाग

बैच संख्या 05/23 दिनांक: 03/07/2023

आईआरईपीएस-www.ireps.gov.in के वेबपोर्टल 'पार्टिसिपेशन इन थ्रू' सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है।

निविदा सं.: 39235325

**1. सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** Supply, Installation and Commissioning of 400 Amps IGBT Inverter based MIG-MAG SYNERGIC PLUSE Welding Plant, Air Cooled TORCH (400 Amp) with Accessories as per Technical Specification enclosed. Make: ADOR FONTECH, TORNADO MIG 630, or Similar. **2. मात्रा:** 06 Nos., **3. निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 03.07.2023, 12:52 बजे, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 01.08.2023, 14:00 बजे

प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेबपोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

कृते व. मंडल सामग्री प्रबंधक/पूमरे, धनबाद

पीआर/00684/डीएचएन/एसटीओआरई/टी/23–24/36



**स्पॉट एडमिशन**

**CIPET**

सिपेट CIPET

हेहल, राँची, झारखण्ड- 834005

रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार

ईमेल: ranchi@cipetgov.in, वैबसाइट: www.cipet.gov.in

**पाठ्यक्रम:**
1. प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीएमटी)
2. प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीटी)

नामांकन हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं/12वीं/ITI पास एवं कोई आयु सीमा नहीं

नामांकन की अंतिम तिथि 31 July 2023

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:- 8058128857, 9873453987, 7896083741

आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 07 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in



# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती मनायी गयी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, मंत्री सुबोध सिंह गुड्डु, दीपक प्रकाश, हेमंत दास और अमरदीप यादव समेत कई नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत हर पीढ़ी को प्रेरणा देते रहेंगे। एक सशक्त भारतवर्ष के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने जो योगदान दिया, उसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमें सिखाया कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ नहीं होता। चाहे कश्मीर हो या फिर बंगाल, डॉ मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो विराट योगदान दिया, उसके हम सदैव ऋणी रहेंगे। मुखर्जी ने पहली औद्योगिक नीति की नींव रख भारत की प्रगति के मार्ग प्रशस्त किया।

## भारतीयता की रक्षा ही डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन का सिद्धांत था : तपन कुमार शांडिल्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डीएसपीएमयू में गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती के अवसर पर व्याख्यान समारोह सह सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी और डिपार्टमेंट ऑफ इएलएल के संयुक्त सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित झारखंड ओपन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टी एन साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विषय प्रवेश और स्वागत भाषण द्वारा कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने अपने वक्तव्य की शुरूआत झारखंड की भूमि के नमन के साथ की और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मरण किया। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कार्यक्रम के संदर्भ में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को प्रासंगिक और रेखांकित करते हुए कहा कि आज भी उनकी परिकल्पना का राष्ट्र बनना बाकी है। इसी संदर्भ को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को देखते हुए इस विश्वविद्यालय का नाम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रखा जाना हमें गौरवान्वित करता है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के व्यक्तित्व से सीख लेने की सलाह देते हुए कहा कि उनके जीवनवृत्त का अध्ययन करने से एक बात स्पष्ट होती है कि उनके कार्यप्रणाली में काफी संकल्पित उद्देश्य निहित रहते थे। कार्यक्रम में डीन, साइंस डॉ ईश्वरी प्रसाद गुप्ता और डॉ अभय कृष्ण सिंह ने भी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शालिनी लाल ने किया।

मंच संचालन डॉ विनय भरत और सौरव कुमार ने किया। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीन साइंस डॉ ईश्वरी प्रसाद गुप्ता, डॉ अशोक नाग, डॉ विनय भरत, डॉ शमा सोनाली, डॉ राजीव रंजन, डॉ जिंदर सिंह मुंडा, डॉ गीतांजलि सिंह, कन्हैया कुमार, डॉ जेपी शर्मा सहित सभी शिक्षक और कर्मी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिर्फ नाम ही नहीं यह एक विचारधारा है : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हरमू स्थित नगर निगम पार्क में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश हित में उन्होंने अनेको कार्य किए जिसे भुलाया नहीं जा सकता। हम सभी को उनके जीवन और कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ मुखर्जी ने सन 1951 में जनसंघ की स्थापना की और दो निशान दो विधान और दो संविधान का खुला विरोध किया। उन्होंने काश्मीर की समस्याओं को लेकर बड़े संघर्ष की शुरुआत की। मां भारती की सेवा में अपना जीवन न्योछावर कर दिया। डॉ मुखर्जी देश के सच्चे सपूत थे। इस अवसर पर अरगोड़ा मंडल अध्यक्ष मनेश्वर साह, सुनील साहू, पार्षद अरुण झा, मनोज साहू आदि उपस्थित थे।

## निलंबित दारोगा के विरुद्ध 15 दिनों में पूरी होगी जांच

**विभागीय कार्रवाई शुरू होगी, पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** निलंबित दारोगा शंशाक कुमार के विरुद्ध 15 दिनों में जांच पूरा करने का निर्देश पुलिस मुख्यालय ने जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि शंशाक कुमार के विरुद्ध शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप है। इस मामले में रांची के लालपुर थाने में उनके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज है। शंशाक कुमार के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की अनुशंसा भी की गयी है। इस मामले में पुलिस मुख्यालय की ओर से वरीय पुलिस उपाधीक्षक या पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच कराने का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि शंशाक कुमार मामले की जांच पुलिस अधीक्षक बुंडू द्वारा की जा रही है। इसलिए शशांक कुमार को एसडीपीओ बुंडू के कार्यालय के साथ संलग्न करते हुए 15 दिनों के अंदर जांच पूरी की जाए। पुलिस मुख्यालय की ओर से यह भी कहा गया है कि प्रथम द्दष्टया में पाया गया है कि दारोगा शंशाक कुमार ने दो शादी की है, जो सरकारी सेवा संहिता के विरुद्ध है। यदि उक्त पदाधिकारी के विरुद्ध दूसरी शादी करना प्रमाणति होता है, तो इस कृत्य के लिए विभागीय कार्यवाही शुरू की जाये।

## तस्करी और जालसाजी रोकने के लिए तत्काल सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है : डीजीपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा कि उपभोक्ता स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा के लिए जालसाजी और तस्करी के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। शैक्षिक कार्यक्रम उपभोक्ताओं को अवैध उत्पादों से जुड़े खतरों के बारे में सूचित करने उन्हें उचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने और संभावित जोखिमों से खुद को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

**अवैध व्यापार की जंजीरों को तोड़ना :** जालसाजी और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सेमिनार विषय पर फिक्की कैस्केड (अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के खिलाफ समिति) कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह ने प्रस्ताव दिया कि फिक्की कैस्केड को नियमित आधार पर झारखंड में युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए। राज्य के युवाओं को अवैध व्यापार को खत्म करने के हमारे लक्ष्य में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने अवैध व्यापार के बढ़ते खतरे को खत्म करने के लिए जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। इसका हमारे रोजमर्रा के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने इस मुद्दे को प्राथमिकता देने के महत्व पर प्रकाश डाला और व्यक्तियों से नकली/तस्करी की गई वस्तुओं को खरीदने से बचने का आग्रह किया। इसके बजाय उन्हें वास्तविक उत्पादों को चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने धोखेबाज बाजार संचालकों से खुद को बचाने के लिए एक सक्रिय उपाय के रूप में उपभोक्ताओं को खरीदारी करते समय रसीद प्राप्त करने पर जोर देने की आवश्यकता पर बल दिया। फिक्की कैस्केड के सलाहकार और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पीसी झा ने भारत में अवैध व्यापार के व्यापक प्रभावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। आरपीएफ, एनसीआरबी, नागरिक सुरक्षा, होम गार्ड और अग्निशमन सेवाओं और बीपीआरएंडडी के पूर्व महानिदेशक राजीव रंजन वर्मा ने तस्करी और जालसाजी की व्यापक समस्याओं से निपटने में युवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। तस्करी और जालसाजी से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, क्योंकि उनके पास इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने और एक अवैध व्यापार-मुक्त समाज बनाने के लिए आवश्यक ऊर्जा, उत्साह और नवीन सोच है।

महानिदेशक ने तस्करी और जालसाजी से मुक्त भारत बनाने में युवाओं की भूमिका विषय पर फिक्की कैस्केड द्वारा आयोजित अंतर-स्कूल प्रतियोगिता के लिए स्कूली बच्चों को भी सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रांची झारखंड के 35 से अधिक स्कूलों के 300 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर संत जॉन्स हाई स्कूल के प्रिंसिपल फादर विनोद टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में वन महोत्सव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास से वन महोत्सव मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों ने वन महोत्सव के प्रतीक के रूप में बैज बनाया और उसे धारण कर पेड़-पौधों के प्रति प्रेम की भावना को व्यक्त किया। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता, उप प्राचार्य के आर झा और जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर वन महोत्सव का आगाज किया। शिक्षिका मरियम मैम ने बच्चों को पौधारोपण की बारीकियां सिखायी तथा उन्हें अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बच्चों ने नृत्य और नाटक के माध्यम से भी सबको वन संरक्षण के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा बच्चों को पेड़-पौधों की उपयोगिता बतायी। उन्होंने बच्चों को सीडबॉल बनाना बताया तथा यह भी बताया कि यात्रा के समय अगर हम रास्ते में खाली पड़े जमीन में सीडबॉल डाल देंगे, तो वे भविष्य में पेड़ का रूप लेकर हमारे वातावरण को अनुकूल बनायेंगे। मौके पर उपस्थित विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने भी बच्चों के द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की और कहा कि बच्चे अगर इन चीजों को अपने जीवन में शामिल कर लें, तो भविष्य में प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी और पर्यावरण संतुलित रहेगा।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल का गठन

# शौर्य प्रखर हेडबॉय और वर्षा सोनी बनी हेडगर्ल

**सिर्फ वर्दी पहन कर ही देश सेवा नहीं की जाती है : मनोज कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सिर्फ वर्दी पहनकर ही देश की सेवा नहीं की जाती बल्कि अनुशासित, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ होकर भी देश की सेवा की जा सकती है। उक्त बातें सीआरपीएफ के सेकंड इन कमांड मनोज कुमार ने कही। वे गुरुवार को कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची में स्टूडेंट काउंसिल के विद्यार्थियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सशक्त और अनुशासित युवा ही भारत को नयी दिशा प्रदान कर सकते है। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि स्टूडेंट काउंसिल विद्यालय के सुचारू संचालन का एक अभिन्न हिस्सा होता है। इसके माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा विकसित होती है। इससे पहले सत्र 2023-24 के लिये चयनित स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को शपथ दिलायी गयी एवं कार्यभार सौंपा गया। शौर्य प्रखर और वर्षा सोनी को सीनियर विंग तथा अरहम हिलाल और आराध्या कश्यप को जूनियर सेक्शन का हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल चुना गया। अंकिता गिरि और विभु वैभव को कल्चरल, भूमिका दत्ता और चिराग आशीष को कोयर ग्रुप तथा अनुष्ठा सिंह और आकाश सोनी को स्पोर्ट्स कैप्टन चुना गया। इसके अलावा गंगा, यमुना सतलज और गोदावरी हाउस के सीनियर तथा जूनियर विंग के कप्तानों को कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रम का संयोजन चीफ कॉर्डिनेटर आशा राज एवं संचालन कॉर्डिनेटर विनीता वर्मा ने किया। मौके पर सभी हाउस के इंचार्ज, खेल प्रशिक्षक के साथ शिक्षक उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने किया कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल को सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के साई नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल को बीजेपी के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सम्मानित किया। संपर्क से समर्थन अभियान के तहत 5 जुलाई को सांसद ने कुलपति को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। आदित्य साहू ने केंद्र सरकार के 9 साल की उपलब्धियों की जानकारी कुलपति को दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार समाज के सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए काम कर रही है। कुलपति डॉ अग्रवाल ने भी विश्वविद्यालय परिसर में आने के लिए सांसद का धन्यवाद दिया। मौके पर बीजेपी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, अमरनाथ चौधरी, नरेंद्र कुमार और सौरभ मौजूद रहे।

### रांची में नेत्र-दंत चिकित्सा शिविर में 300 छात्र-छात्राओं की हुई जांच

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्वास्थ्य मिशन ने गुरुवार को सिंह मोड़ स्थित राइज एकेडमी स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें 300 छात्र-छात्राओं के नेत्रों और दांतों की जांच की गयी। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाये, ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रदेश वाइस चेयरमैन इंदरजीत सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष सोनी, अश्वनी, शाहनवाज, डॉ सौरभ प्रियदर्शी तिवारी, डॉ लवली, डॉ मेधा, पम्मी सिन्हा और एकता सिंह सहित अन्य का योगदान रहा।

### मंदिर के दान पेटी का ताला तोड़ कर चोरी

रांची (आजाद सिपाही)। पिठोरिया थाना क्षेत्र के बालू गांव में स्थित देवी मंदिर परिसर में लगे दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। मंदिर के दानपेटी में चोरी की वारदात से ग्रामीण आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूर्व भी दो बार मंदिर के दान पेटी में चोरी हो चुकी है।

### झारखंड हाइकोर्ट ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों पर जिला जजों से रिपोर्ट मांगी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और आनंद सेन की खंडपीठ में गुरुवार को राज्य के अलग-अलग जिलों में पुलिस हिरासत में हुई मौतों के मामलों में न्यायिक जांच नहीं होने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने झारखंड के सभी जिला जजों से रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने सभी जिला जजों को पूछा है कि हिरासत में हुई मौत मामलों में न्यायिक जांच कराने के लिए उनके पास कितने आवेदन लंबित हैं। इस जनहित याचिका पर अब हाई कोर्ट 26 जुलाई को सुनवाई करेगा। इस संबंध में धनबाद के मुमताज अंसारी ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से अधिवक्ता शदाब अंसारी पैरवी कर रहे हैं।

### पर्यावरण और उर्जा संरक्षण के तहत रांची के सेंट्रल एकेडमी स्कूल में सेमिनार



रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू में गुरुवार को मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और उर्जा संरक्षण के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन, रिलेशंस और सामाजिक संस्था टीम ग्रीन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने 21 पौधों को स्कूल परिसर में लगाकर उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया। विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि वन महोत्सव के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण के लिए जिम्मेवार होना पड़ेगा। तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू के सचिव राहुल, प्राचार्य सुतपा भट्टाचार्य, गौरव अग्रवाल, टीम ग्रीन के निपुण जैन, प्रीति कुमारी, शुभम चौधरी, जी एन सहाय, निर्मला सहाय, हरेंद्र कुमार, स्कूल की शिक्षिका श्वेता, अंकिता चौरसिया, रश्मि कुमारी, अजय कुमार यादव, अजीत कुमार आदि कई उपस्थित थे।

### डायन प्रथा उन्मूलन के लिए जागरूकता रथ रवाना

रांची (आजाद सिपाही)। जिले में डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए समाहरणालय परिसर से गुरुवार को जागरुकता रथ रवाना किया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में डायन अधिनियम 2001 के तहत डायन कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के दृष्टिकोण से जागरुकता रथ को रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रथ के माध्यम से लोगों को डायन अधिनियम 2001 की जानकारी देकर डायन कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि इस कुप्रथा को समाप्त करने में जिला प्रशासन का साथ दें। डायन कुप्रथा से जुड़े किसी मामले की जानकारी अपने निकटतम थाने में दें।

### अब तक 38 प्रतिशत कम हुई मानसून की बारिश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में अभी भी मानसून की बारिश में भारी कमी है। अब तक 38 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। राज्य में एक जून से लेकर चार जुलाई तक 147.2 मिमी बारिश हुई है, जो कि सामान्य बारिश 236.1 मिमी के मुकाबले 38 फीसदी कम है। मौसम विभाग के अनुसार नार्दर्न लिमिट ऑफ मानसून टर्फ फिलहाल गंगानगर, दिल्ली, अलीगढ़, हमीरपुर, प्रयागराज, डाल्टनगंज, बालासोर से दक्षिण दिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रहा है। इससे आगे झारखंड में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की जबकि कहीं- कहीं भारी वर्षा हुई। राज्य में मानसून गतिविधि सामान्य रही। सबसे अधिक वर्षा 95.0 एमएम बोकारो के नवाडीह में दर्ज की गयी। सबसे अधिक तापमान 36.4 डिग्री चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री रांची में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार चतरा, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह गुमला, हजारीबाग, कोडरमा लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रांची, पश्चिम सिंहभूम जिले के कुछ भागों में अगले 24 घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना है।

## रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का 65 वां पदस्थापना समारोह संपन्न

# डॉ आलोक रतन चौधरी अध्यक्ष और सचिव जेपी सिंह ने लिया प्रभार

**समाज सेवा के क्षेत्र में रोटरी क्लब लिखेगा नया आयामः डॉ आलोक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रामगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के 65 वें पदस्थापना समारोह बुधवार की देर शाम रांची रोड स्थित होटल सिद्धि विनायक मैरेज हॉल के सभागार में आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ रोटरी जिलापाल नम्रता व पूर्व जिलापाल बिंदू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह के शुभारंभ में सत्र 2022-23 के अध्यक्ष अनिल गर्ग ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को रखा। वहीं बेहतर सहयोग के लिए क्लब के सदस्यों के प्रति आभार जताया। वहीं सचिव राहुल जैन ने अपने कार्यकाल की जानकारी देते हुए अतिथियों का फूलों का गुच्छा व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

अतिथियों के स्वागत के बाद समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर सहयोग के लिए पूर्व अध्यक्ष डीपी सिंह, सुरेश पी अग्रवाल, अरूण कुमार राय, प्रदीप कुमार सिंह, डॉ ए के बरेलिया, डॉ के चंद्रा, डॉ आर के झा, डॉ सुधीर कुमार आर्या, निलांजन दत्ता,रांजीत सिंह, डॉ कांता सोबती, राजेंद्र जैन, आनंद हेतमसरिया, संजय अग्रवाल सहित कई रोटेरियनों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान नये सदस्य के रूप में डॉ रीतूराज ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की।

निवर्तमान अध्यक्ष व सचिव ने सत्र 2023-24 के अध्यक्ष व सचिव को सोंपा प्रभार पदभार ग्रहण समारोह में सत्र 2022-23 के अध्यक्ष अनिल गर्ग व सचिव राहुल जैन ने नये सत्र 2023-24 के अध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी और सचिव जेपी सिंह को जिलापाल नम्रता ने विधिवत प्रभार ग्रहण कराया। प्रभार ग्रहण करने के बाद नये अध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी ने क्लब के सदस्यों से बेहतर सहयोग करने की अपील करते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में सहभागिता निभाने की अपील की। समारोह में मंच संचालन विजय कुमार व अरूण कुमार राय ने किया।

**समाज सेवा के क्षेत्र में रोटरी क्लब लिखेगा नया आयामः डॉ आलोकः** पदभार ग्रहण करने के उपरांत सत्र 2023-24 के अध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में रोटरी क्लब एक नया आयाम लिखेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में क्लब के सभी सदस्यों का सहयोग जरूरी है। आलोक ने कहा कि रोटरी क्लब निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी।

**समारोह में ये थे उपस्थितः** समारोह में संतु भाई माणिक, विनोद जैन, संजय अग्रवाल, सुरेश बौंदिया, विजय पोद्दार, राजेश मेहता, संजीव सिंह संजू, कमलेश्वर सिंह, प्रियंका जैन, सुनीता जैन, उषा गर्ग, कुलविंदर सिंह लांबा, जीतेंद्र प्रसाद डब्लू, मदन माहेश्वरी, राजेश मोदी, खुशबू जैन, संगीता अग्रवाल, संजना अग्रवाल, रेणु सिंह, सीमा सिंह सहित कई रोटेरियन उपस्थित थे।

## प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी मनोनीत हुए हरिनाथ साहू



**रांची (आजाद सिपाही)।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने रांची जिला के वरिष्ठ नेता हरिनाथ साहू को इनके राजनीतिक जागरुकता, सक्रियता, अनुभव तथा सामाजिक न्याय के पक्षधर विचारधारा को ध्यान में रखकर पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा का प्रभारी मनोनीत किया है। उक्त मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम ने कहा कि पिछले 18 जून को पूर्व भाजपा नेता हरिनाथ साहू अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए थे। हरिनाथ साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा का प्रभारी मनोनीत होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। बधाई एवं शुभकामनाएं देनेवालों में मुख्य रूप से कुंज बिहारी, रामविलास साहू, इमरान खान, अजीत कुमार, संजय साहू, सफीक अंसारी, बलदेव साहू, बेनी साहू, दिलीप उरांव, प्रदीप ठाकुर, रेनू साहू, रेखा कुमारी, गणेश लोहरा, रंगनाथ राम, राज किशोर राम, सूरज यादव, मुकुल नायक, रूपम नायक, महेश पाहन, मुकेश प्रजापति, रूपाली मुंडा, प्रशांत बैठा, सुषमा देवी, मीना देवी, सुशीला महतो, दशमी देवी, कंचन रानी, सुमन महतो, रीना सिंह, राजू ठाकुर, अनिल मुंडा, लालू प्रजापति सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## हजारीबाग में विश्व हिंदू परिषद की तीन दिवसीय कार्यसमिति की बैठक आज से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की प्रांत कार्यसमिति बैठक हजारीबाग के मूनका बगीचा स्थित सभागार में 7 से 9 जुलाई तक चलेगी। बैठक में विगत 6 माह के कार्यों की समीक्षा और आगामी 6 माह के कार्यक्रमों की योजना बनाई जायेगी। बैठक में संगठन विस्तार, बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा, श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त कार्यक्रम इत्यादि कार्यक्रमों का रूपरेखा तय की जायेगी। कार्यक्रम में झारखंड प्रांत के प्रांतीय अधिकारी के साथ-साथ विभाग, आयाम और जिला के लगभग 250 अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्र संयोजक जन्मेजय कुमार, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह सहित कई अधिकारी पूरे समय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। विश्व इसे लेकर गुरुवार को हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय, हरमू रोड, किशोरगंज चौक, रांची में विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यसमिति बैठक की योजना को लेकर प्रांत कार्याध्यक्ष तिलकराज मंगलम, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, रांची विभाग मंत्री किशुन झा, राम प्रताप सिंह की एक बैठक हुई।

# भाजपा का असली चाल, चरित्र और मानसिकता आदिवासी विरोधी है : झामुमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा नेता द्वारा मध्यप्रदेश के सीधी में आदिवासी युवक के साथ किया गया कुकृत्य भारतीय जनता पार्टी के चाल, चरित्र और चेहरे को उजागर करता है। यह कुकर्म बताता है कि भाजपा कितना दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और आदिवासी विरोधी है। इस मानसिकता के खिलाफ झामुमो रांची जिला समिति ने भाजपा का पुतला फूंका। गुरुवार को जिलाध्यक्ष मुशताक आलम के नेतृत्व में रांची अलबर्ट एक्का चौक पर भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन किया गया। आलम ने कहा गया कि भाजपा का चाल, चरित्र और मानसिकता दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और आदिवासी विरोधी है। ये सिर्फ दिखावे में सभी समुदायों के लोगों को लुभाती है और फिर अपना मतलब निकाल कर धक्के मारकर निकाल देती है। झामुमो रांची जिला समिति प्रवेश शुक्ला को फांसी की सजा की मांग करती है। इस मौके पर जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, समनुर मंसुरी, डॉ चिन्तामनी सांगा, अफरोज अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, धर्मेन्द्र सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** मंथन युवा संस्थान एवं सुईचओन फाउंडेशन के सहायेग से वार्ड नंबर 26 स्थित राजकियकृत मध्य स्कूल हरमू में वन महोत्सव सप्ताह के तहत स्कूल के बच्चों के बीच हमारे जीवन में पेड़ पौधों का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता और पर्यावरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहला, दुसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मोमेंटो और मेडल देकर मनोबल ऊंचा किया गया। साथ साथ स्कूल कैंपस मे पेड़ लगाये गये, उपहार के तौर मुख्य अतिथि और स्कूल के प्रिंसपल को आशेक के पेड दिया गया। इसी कार्यक्रम दौरान किचन से निकलने वाले कचरा से खाद बनाने का तरीका बताया गया। कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 26 के पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा मौजूद थे। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के बीच इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन और भी किया जाना चाहिए, इससे बच्चों के अंदर पर्यावरण के प्रति जागरूक होंगे। इस स्कूल प्रचार्या मनमोती होरो और अन्य शिक्षिका का पूरा सहायोग रहा मंथन युवा संस्थान के और मो शकील राही और सुरेश यादव एवं सुईचओन के तरफ से विवेक गुप्ता और महेश शामिल थे।

## कोविड में अभिभावकों को खोनेवाले बच्चों को नामांकन में प्राथमिकता दी जायेगी : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से दूर रहनेवाली बालिकाओं, जिनके माता-पिता या माता-पिता में से एक की कोविड-19 से मृत्यु हुई हो और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को स्कूल के नामांकन में प्राथमिकता दी जायेगी।

**एडमिशन लिस्ट की फिर होगी जांच :** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन पर विचार-विमर्श किया गया। समिति द्वारा इस सत्र में नामांकन के लिए प्रस्तावित सूची का फिर से निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया ताकि आज की बैठक में जो प्रतिनिधि शामिल नहीं हो पाये हैं, वे भी सूची से अवगत हो सके। बैठक में उपस्थित सांसद/विधायक प्रतिनिधि को अपने स्तर के प्रतिनिधि के साथ विचार-विमर्श करते आवश्यक सुधार के साथ नये सिरे से सूची अगली बैठक में रखने का निर्णय लिया गया।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति :** आज की जिला स्तरीय समिति की बैठक में सांसद/विधायक के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रांची, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक, रांची, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची जिला के सभी वार्डन और अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## बाल संरक्षण शाखा में कई पदों पर होगी नियुक्ति

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची जिला बाल संरक्षण इकाई में काउंसलर समेत अन्य पदों पर नियुक्ति होगी। यह नियुक्ति संविदा के आधार पर की जायेगी। इसको लेकर रांची जिला प्रशासन ने विज्ञापन जारी किया है। जारी विज्ञापन के आधार पर यहां सोशल वर्कर, काउंसलर और डाटा एनालिस्ट के लिए कुल तीन पदों पर नियुक्ति होनी है। आवेदन देने की अंतिम तिथि 25 जुलाई तय की गयी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार जिला बाल संरक्षण इकाई रांची समाहरणालय ब्लॉक बी कमरा संख्या 111 पर अपना आवेदन भेज सकते हैं। रांची जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञापन में कहा गया है कि प्रारंभिक चरण में यह नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जायेगी। एक वर्ष पूरा होने के बाद नियुक्ति के लिए गठित समिति उनके कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान कार्य संतोषजनक पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण किया जायेगा। आवेदक किसी भी स्थिति में पदों के लिए दावा पेश नहीं कर सकते हैं।

## पीसीआइ ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# बिना फार्मासिस्टों के दवा दुकान खोलना सही नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पीसीआइ ने झारखंड सरकार से अपील की है कि ग्रामीण इलाकों में बगैर पंजीकृत फार्मासिस्टों के दवाई दुकान संचालित करने संबंधी अपना फैसला वापस ले लें। प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को लिखे पत्र में पीसीआइ अध्यक्ष डॉ मोंटू कुमार पटेल ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन की अधिसूचना फामेर्सी अधिनियम 1948 और फामेर्सी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 का उल्लंघन है। उन्होंने कहा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला प्रशासन की 13 जून, 2023 की हालिया अधिसूचना को वापस लें और जनहित में झारखंड में फामेर्सी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 लागू करें।

पीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में फामेर्सी में कोई ज्ञान या शिक्षा नहीं रखने वाले किसी भी व्यक्ति के फामेर्सी के पेशे में आने पर कोई प्रतिबंध नहीं था। उन्होंने कहा, हालांकि इस तरह की गैर नियमित कार्यप्रणाली से लोगों के स्वास्थ्य को बहुत नुकसान हुआ। इसी के मद्देनजर फामेर्सी के पेशे और कार्यप्रणाली को विनियमित करने के लिए फामेर्सी अधिनियम, 1948 बनाया गया था। डॉ पटेल ने कहा कि फामेर्सी अधिनियम की धारा 42 में कहा गया है कि पंजीकृत फार्मासिस्ट के अलावा कोई भी व्यक्ति चिकित्सक के नुस्खे पर किसी भी दवा को मिश्रित तैयार मिश्रण या बिक्री नहीं करेगा और जो कोई भी इसका उल्लंघन करेगा उसे छह महीने की सजा या इसके साथ एक हजार रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकती है।



### राज्य के फार्मासिस्टों ने राजभवन के सामने दिया धरना

रांची। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले राज्यभर के फार्मासिस्ट ने राजभवन के समक्ष गुरुवार को एक दिवसीय धरना दिया। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन, रांची के अध्यक्ष कृष्णा कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 29 जून को एक बयान में कहा था कि अब पढ़े-लिखे युवा भी दवा दुकान खोल सकते हैं। राज्य में दवा दुकान खोलने के लिए अब फार्मासिस्ट डिग्री की जरूरत नहीं है। आज हम उसी बयान का विरोध करने के लिए यहां धरना पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सीएम अपना बयान वापस नहीं लेते हैं, तो यह प्रदर्शन लंबा चलेगा।

## विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में अलंकरण समारोह



**रांची (आजाद सिपाही)।** कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय निदेशक संजय कुमार, प्रधानाचार्य रेखा देवी ने नर्सरी से दशम वर्ग तक के छात्र छात्राओं को कक्षा मॉनिटर एवं अनुशासन प्रभारी सहित विभिन्न पदों के बैच प्रदान करने के साथ हुई। विद्यालय हेड बॉय रविशंकर पूर्ति तथा हेड गर्ल सायमा गुलशन का चयन किया गया जिसे शपथ दिलायी गयी। वहीं आजाद हाउस में अनिमेष और सायमा गुलशन, गांधी हाउस में निखिल और अलीशा नाज, टैगोर हाउस मे जीशान अंसारी और श्रेया तिर्की, तिलक हाउस में क्राइस्ट निश्चल टोप्पो और अनिमा कुमारी का चयन किया गया। विद्यालय सचिव विकास गौरव ने बच्चों को स्कूल, घर एवं समाज के प्रति जिम्मेदार बनने और अपने कर्तव्यों का पालन करने की सीख दी। सभी छात्र पदाधिकारियों ने बैंड की धुन पर सुंदर मार्च पास्ट किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक, शिक्षिका विद्यालय कोऑर्डिनेटर अंशु तिवारी, संजोय पाठक, शालेंद्र, नितेश, प्रिंस, विश्वजीत, अभिजीत, प्रीति रानी, पम्मी आदर्श, पूजा, साक्षी जायसवाल, आरती शर्मा, रेशमा बेगम, अमीषा भारती, नेहा, अविनाश, नमिता पॉल, शकुंतला, निशा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 15 जुलाई से शुरू होगा खेलो झारखंड

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा विद्यालय स्तर से लेकर राज्य स्तर पर वार्षिक खेल कार्यक्रम खेलो झारखंड 2023-24 का समय सारणी घोषित किया गया है। राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने पत्र जारी कर सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी सह कार्यक्रम पदाधिकारी को राज्य में सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, आदर्श विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय और जैक बोर्ड के स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए खेलों का आयोजन करने को कहा है। विद्यालय स्तर खेल प्रतियोगिता 15 जुलाई से 14 अगस्त, प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता 16 अगस्त से 16 सितंबर, जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 18 सितंबर से 21 अक्टूबर, राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 1 नवंबर से 22 दिसंबर 2023 और 20 जनवरी से 23 जनवरी 2024 है।

## जमीन के नाम पर 75 लाख की ठगी करने वाला बिल्डर पांच साल बाद हुआ गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची में जमीन के नाम पर 75 लाख की ठगी करने वाला बिल्डर निजामुद्दीन अंसारी को चुटिया थाना की पुलिस ने पांच साल बाद उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी बरियातू बस्ती के पहाड़ी के समीप का निवासी है। उस पर वर्ष 2018 में चुटिया थाना में होटल शिवालिक के मालिक अनुप चावला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कांटाटोली में एक भूखंड के लिए वादी से निजामुद्दीन अंसारी ने 25 लाख रुपयं एडवांस ले लिया था। उसके बाद थोड़े-थोड़ समय पर 50 लाख रुपये और लिये थे, काफी दिनों तक उसने न जमीन दिया और न ही रुपये वापस किये। बाद में पता चला कि उस जमीन पर 2013 से विवाद चल रहा है और कोर्ट में टाइटल सूट का केस भी चल रहा है। इसलिए यह शुद्ध रूप धोखाधड़ी व 420 का मामला है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही पुलिस वारंट लेकर कई बार उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन वह फरार मिला। बाद में पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया, उसके बाद भी जब उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई तो घर की कुर्की जब्ती भी की गयी। उसके बाद भी वह फरार चल रहा था। पुलिस उसके गिरफ्तारी के प्रयास में लग हुई थी। इधर सिटी डीएसपी दीपक कुमार को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर आया हुआ है।उसके बाद डीएसपी के निर्देष पर थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार दलबल के साथ उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।बिल्डर की गिरफ्तारी के बाद उसे छुड़ाने के लिए पुलिस के पास कई नामचीन लोगों ने फोन किया और कई लोग तो थाना भी पहुंच गये, लेकिन चुटिया पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

# नाबालिग से तीन युवकों ने की छेड़छाड़, सभी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** रांची में हजारीबाग (वर्तमान में रजा कॉलोनी में किराये के मकान में) की रहने वाली नाबालिग लड़की से अगवा कर छेड़छाड़ की गयी है। नाबालिग से छेड़खानी करने के नामजद तीनों आरोपी शेख सोहेल, शेख अरशद एवं शेख अरमान (तीनों मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी) को नामकुम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाद में उन्हें जेल भेज दिया है। मामले में नाबालिग के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्राथमिकी के अनुसार तीन जुलाई की दोपहर ढाई बजे दो नाबालिग सहेलियों के साथ गिफ्ट खरीदने दुकान जा रही थी। इसी दौरान फेमस मेडिकल हॉल मौलाना आजाद कॉलोनी के पास शेख अरशद, शेख सोहेल एवं शेख अरमान उनके पास आये और कहने लगे 500 रुपये में चलोगी। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर नाबालिगों को गाली गलौज करते हुए थप्पड़ मारने लगे। तीनों डर से भागकर घर चली गयीं। नाबालिग ने बताया इससे पहले ईद त्योहार के दौरान जब ईद की खरीदारी कर तीनों नाबालिग पैदल घर लौट रही थीं, इस दौरान भी कांटाटोली चौक पर तीनों ने घर छोड़ने की बात कहते हुए ऑटो में बैठने को कहा। मना करने पर तीनों ने मिलकर नाबालिगों को जबरदस्ती ऑटो में बैठा कर नामकुम बाजार की और ले जाने लगा एवं गलत नीयत से छेड़खानी करने लगे। विरोध एवं शोर मचाने पर नामकुम ओवरब्रिज के समीप सुनसान जगह पर छोड़कर सभी फरार हो गये थे। उन्होंने घटना के बारे में किसी को बताने पर तीनों को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके डर से नाबालिगों ने किसी को नहीं बतायी। थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस रित्विक श्रीवास्तव ने बताया कि नाबालिग के बयान पर पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## भाजपा को आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिए : विजय शंकर नायक

**रांची (आजाद सिपाही)।** आदिवासी हित की बात करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेताओं आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा का आदिवासी प्रेम मध्य प्रदेश की घटना ने पोल खोलने का काम किया है। उक्त बातें गुरुवार को झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी दलित आदिवासी एवं मूलवासी समाज से प्रेम करने का नाटक करती है प्रेम करने का दिखावा करती है उनके हितों की रक्षा करने की बात स्वांग रचती है। कहा कि भाजपा शासित प्रदेश में दलित आदिवासी मूलवासी समाज की हितों की रक्षा नहीं की जा रही है। उनके मानवाधिकार का उल्लंघन, शोषण और अत्याचार की घटना में वृद्धि हुई है। इस घटना ने सभ्य समाज के मुंह पर कलंक लगाने का कार्य किया। झारखंड में आदिवासी नेता अगर आदिवासी समाज से माफी नहीं मांगते हैं तो आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में तालाबंदी करने का काम किया जायेगा। इसकी जिम्मेवारी भाजपा नेताओं पर होगी।

# लंबी चलेगी लड़ाई

मुंबई में बुधवार का लगभग पूरा दिन वनडे क्रिकेट मैच जैसा रोमांच लिए रहा। हालांकि मुकाबला क्रिकेट का नहीं, राजनीति का था। एनसीपी के परस्पर विरोधी दोनों धड़ों ने शक्ति प्रदर्शन के लिए यही दिन चुना। इसीलिए सुबह से ही कयास लगने शुरू हो गये कि किसकी मीटिंग में ज्यादा विधायक आते हैं। वैसे इसमें कोई संदेह पहले भी नहीं था कि ज्यादा विधायक अजित पवार के साथ होंगे। कारण यह कि इस खेमाबदल अभियान का मुख्य तत्व ही विधायक थे। शिवसेना में पिछले साल हुई फूट की तरह इस बार एनसीपी में भी विधायक ही निशाना थे। जाहिर है, अजित पवार और उनके साथ एनसीपी के लगभग पूरे शीर्ष नेतृत्व ने अधिकतर विधायकों का समर्थन सुनिश्चित करने के बाद ही सरकार में शामिल होने का फैसला किया होगा। इस लिहाज से देखा जाये तो अजित पवार ग्रुप दावे के मुताबिक विधायकों को मंच पर पेश नहीं कर सका। दलबदल विरोधी कानून से बचने के लिए जरूरी दो तिहाई की संख्या भी पूरी नहीं हुई। हालांकि नेताओं ने बताया कि उनके कुछ विधायक इसलिए नहीं पहुंच सके, क्योंकि वे ट्रैफिक में फंस गये थे और कुछ अन्य शहर से बाहर थे। दूसरी तरफ, शरद पवार के साथ विधायकों की संख्या कम थी, लेकिन फिर भी इतनी तो थी ही, जिसके आधार पर यह माना जाये कि पार्टी का तंबू पूरा नहीं उखड़ा है। हालांकि, शरद पवार का जोर विधायकों की संख्या पर नहीं था। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक मेरे साथ हैं। जाहिर है, यह लड़ाई आगे लंबी चलने वाली है। जैसा दृश्य कुछ समय पहले शिवसेना में हुए विभाजन के बाद दिखा था, वैसा ही सीन एनसीपी के साथ भी बनता दिख रहा है। मगर इस बार सुप्रीम कोर्ट के पिछले दिनों आये ऐतिहासिक फैसले की रोशनी उपलब्ध है, जिसमें तथ्यों की छानबीन की जानी है। उस लिहाज से पार्टी पर कब्जे का फैसला सिर्फ विधायकों की संख्या पर निर्भर नहीं करता। लेकिन सबसे बड़ा सवाल शरद पवार के इस दावे का है कि पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक उनके साथ हैं। स्वाभाविक ही इस दावे को अजित पवार खेमा चुनौती देगा। यानी राज्य में रैलियों और जवाबी रैलियों का सिलसिला देखने को मिल सकता है। इस बार महाराष्ट्र में यह विशेष स्थिति उत्पन्न हो गयी है कि दो बड़ी पार्टियों का मुख्य नेतृत्व अलग है और प्रमुख नेताओं की दूसरी पांत अलग। शिवसेना की तरफ से उद्धव ठाकरे और एनसीपीकी तरफ से शरद पवार अपने ही खड़े किये नेताओं के खिलाफ जनता की अदालत में जा रहे हैं। देखना होगा कि जनता से इन्हें सहानुभूति मिलती है या नहीं, लेकिन इस प्रक्रिया में एकदम नये नेतृत्व का उभरना तय है। दोनों दलों को अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों से अलग ऐसे प्रत्याशी चाहिए, जो लड़ने और जीतने का माद्दा रखते हैं। कुल मिलाकर, इसमें संदेह नहीं कि आने वाला समय महाराष्ट्र की राजनीति को नयी धज, नया तेवर देगा।

**दलबदल विरोधी कानून से बचने के लिए जरूरी दो तिहाई की संख्या भी पूरी नहीं हुई। हालांकि नेताओं ने बताया कि उनके कुछ विधायक इसलिए नहीं पहुंच सके, क्योंकि वे ट्रैफिक में फंस गये थे और कुछ अन्य शहर से बाहर थे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल के 9 वर्ष पूरे हो गये है। इस दौरान यह सवाल उठ रहे हैं कि इन वर्षों में भारत की विदेश नीति में आखिर क्या बदलाव आया। खास बात यह है कि मोदी का कार्यकाल अपनी खास विदेश नीति के लिए भी जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी का बतौर पीएम प्रथम कार्यकाल हो या दूसरा कार्यकाल विशेषज्ञों ने कहा है कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में भारत की विदेश नीति बहुआयामी रही है।**

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सिद्धांत पर आधारित है पीएम मोदी की विदेश नीति

**पंकज कुमार सिन्हा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति को देखने से ऐसा लगता है कि यह पूर्ण रूपेण सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से प्रभावित और प्रेरित है। वर्तमान भारत के विदेश नीति में प्रभावशाली राष्ट्रों से समान दूरी बना कर रखने की कूटनीति का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में विश्व पटल पर भारत को नए सिरे से स्थापित किया। अभी हाल ही में मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रवास कूटनीति के खयाल से बेहद सफल माना जा रहा है। हालांकि कुछ चरमपंथी मुस्लिम संगठनों ने मोदी के भाषण का वहिष्कार किया लेकिन उस वहिष्कार से भी भारत की रणनीति को फायदा ही हुआ है। अमेरिकी डेमोक्रेट कांग्रेस की सदस्य इहलान उमर के कारनामों से दुनिया परिचित हो गयी और नरेंद्र मोदी की सधी चाल से पाकिस्तान भी बेनकाब हो गया है। यही नहीं इहलान के कृत्य ने अमेरिका में डेमोक्रेटों के प्रति भी अविश्वास का भाव पैदा कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल के 9 वर्ष पूरे हो गये है। इस दौरान यह सवाल उठ रहे हैं कि इन वर्षों में भारत की विदेश नीति में आखिर क्या बदलाव आया। खास बात यह है कि मोदी का कार्यकाल अपनी खास विदेश नीति के लिए भी जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी का बतौर पीएम प्रथम कार्यकाल हो या दूसरा कार्यकाल विशेषज्ञों ने कहा है कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में भारत की विदेश नीति बहुआयामी रही है। दुनिया के बारे में मोदी सरकार की सोच पुरानी बेड़ियों से मुक्त है। इसमें विदेश मामलों में व्यवहारिक रणनीति पर फोकस बढ़ा है। ऐसे में सवाल उठता है कि मोदी सरकार की विदेश नीति का एजेंडा क्या रहा है। मोदी सरकार की विदेश नीति पिछली सरकारों से कैसे भिन्न रही है।

**नरेंद्र मोदी की विदेश नीति से भारत को ठोस वित्तीय फायदे भी हुए हैं।**

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने प्रथम शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ही अपनी विदेश नीति की रूपरेखा स्पष्ट कर दी थी। अपने प्रथम शपथ ग्रहण समारोह में मोदी ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सहित दक्षेस के सभी नेताओं को आमंत्रित किया था। इतना ही नहीं अपने पहले विदेश दौरे के लिए उन्होंने भारत के पड़ोसी मुल्क भूटान को चुना तो दूसरी बार पीएम बनने के बाद वह पहली विदेश यात्रा मालदीव की की। मोदी प्रधानमंत्री बनते ही 2014 में पहले दिन से विदेश नीति और विदेशों में भारत की छाप छोड़ना प्रारंभ कर दिया था। अगस्त 2014 में भारत के पड़ोस के अलावा पहली विदेशी यात्रा के दौरान मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ अच्छे संबंध बनाये। एक ऐसी दोस्ती पनपी जो पिछले साल जुलाई में आबे की दुखद हत्या के साथ ही खत्म हुई। प्रधानमंत्री आबे के अंतिम संस्कार में भाग लेने जापान पहुंचे थे।

पिछले 75 वर्षो में नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री है, जिन्होंने अरब देशों के विरोध के बावजूद इजरायल की यात्रा कर पूरे विश्व को भारत के बदलते और आत्मनिर्भर विदेश नीति का परिचय दिया है। पीएम मोदी के लिए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था, क्रांति शब्द के सबसे अच्छे मायनों में आप क्रांतिकारी नेता हैं। आपके इजराइल आने से पहले हमारे 3000 वर्षों के अस्तित्व में कोई भी भारतीय नेता इजराइल नहीं आया था। आप ऐसा करने वाले पहले भारतीय नेता हैं। नरेंद्र मोदी अब तक के किसी भी प्रधानमंत्री से ज्यादा विदेश यात्रा कर चुके हैं। इस साल अप्रैल तक उन्होंने 67 विदेश यात्राएं की थीं। इनमें संयुक्त राष्ट्र महासभा की यात्रा भी शामिल है। भारत की विदेश नीति के मामले में सबसे बड़ा बदलाव अमेरिका के साथ संबंधों में आया है। दशकों तक एक दूसरों को चिंता भरी निगाहों से देखने के बाद अब भारत और अमेरिका सबसे नजदीकी रणनीतिक साझेदार हैं। कई ऐसे बुनियादी समझौतों को मंजूर किया है, जिस पर दोनों पक्षों को राजी होने में कई साल लग गये। अमेरिका अब भारत को नयी दिल्ली की मॉस्को के साथ की नजदीकी के चश्मे से नहीं देखता। भारत भी अमेरिका को इस्लामाबाद से उसके रिश्तों के चश्मे से नहीं देखता। भारत और अमेरिका के सैन्य और रणनीतिक तौर पर गैर नाटो देशों में सबसे नजदीकी रिश्ते हैं। इस साझेदारी को बनाने में नरेंद्र मोदी का निर्णायक हाथ रहा।

आज अमेरिका भारत का सबसे बड़ा वित्तीय साझेदार है। दोनों देशों के बीच व्यापार अब 162 अरब डॉलर से ज्यादा का है। 20-22 अरब डॉलर का तो हथियारों का ही सौदा है। हमने अमेरिका के साथ सारे बुनियादी समझौतों पर मंजूरी तो दे ही दी है। इनमें से कुछ प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में मंजूर हुए, जो नजदीकी संबंधों का आधार बढ़ाने के लिए हैं। हमने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से चर्चा करके आज सारे मुद्दों पर जीत हासिल कर ली है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे रिश्तों को एक नया आयाम दिया है।

अमेरिका के साथ भारत के इस रिश्ते से रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक रिश्ते पर कोई असर नहीं पड़ा है। ये बात यूक्रेन के साथ ताजा संकट में साफ हो गयी। कीव के साथ करीबी संबंध बनाये रखने के साथ-साथ भारत ने ये भी साफ कर दिया कि हमारी विदेश नीति हमेशा स्वतंत्र रहेगी। इसलिए प्रधानमंत्री ने 2022 के समिट के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से कहा था कि ये समय युद्ध का नहीं है। यूक्रेन के साथ रूस के जंग के बीच जहां अमेरिका समेत कई देश रूस पर तमाम तरह की पाबंदियां लगा रहे थे। वहीं, भारत ने रूस से तेल आयात की भी मंजूरी दी। इस फैसले की पश्चिमी देशों ने आलोचना भी की, लेकिन नयी दिल्ली ने सीधा जवाब दिया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, अगर यूरोप के देश, पश्चिमी देश और अमेरिका इतने चिंतित हैं, तो वो ईरानी तेल को बाजार में क्यों नहीं आने देते? वेनेजुएला के तेल को क्यों नहीं इजाजत देते? उन्होंने तेल के बाकी सारे स्रोत घेर लिए हैं।और वो कहते हैं कि बाजार जाकर अपने लोगों के लिए सबसे अच्छा सौदा मत करो। मेरे विचार से ये उचित बात नहीं है। एस जयशंकर ने कहा था, यूरोप को इस मानसिकता से बाहर निकलना है कि यूरोप की समस्याएं विश्व की समस्याएं हैं, लेकिन विश्व की समस्याएं यूरोप की समस्याएं नहीं हैं।

मोदी के प्रथम कार्यकाल में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक का मामला हो या अनुच्छेद 370 हटाने का मसला भारत ने अपने कूटनीतिक कौशल का परिचय दिया है। दोनों मसलों पर पाकिस्तान पूरी तरह से अलग-थलग हो गया। इस दौरान मोदी सरकार ने रूस और अमेरिका दोनों विरोधी देशों के साथ अपनी रिश्तों में निकटता बनाए रखी। मजबूत नेता के नेतृत्व में मजबूत भारत की यही छवि दुनिया भर में बसे भारतीय मूल के लोगों को भा रही है और उन्हें भारतीय होने पर गर्व हो रहा है, इससे पहले ऐसा कोई भारतीय नेता नहीं रहा, जिसका विदेशों में रहने वाले भारतीयों के साथ ऐसा जुड़ाव रहा हो। अप्रवासी भारतीयों को भारत के विकास की दिशा से जोड़कर काम पर लगाया, बल्कि भारतीय मूल की पहली, दूसरी, तीसरी और बाद की पीढ़ियों का साथ लिया। इजरायल ने अपने अस्तित्व के लिए ये तरकीबें अपनायी थीं। मेरे विचार से भारत दूसरा देश है, जिसने ये कुशलता ग्रहण की है। कोरोना महामारी काल में भारत ने वैक्सीन डिप्लोमेसी में एक मिसाल बनायी है। कोविड जब चरम पर था, तो भारत टीके निर्यात करने वाले पहले देशों में शामिल रहा।

गुयाना के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए कहा था, उन्हें एक दोस्ताना भारत के प्रतिनिधि के तौर पर देखा जाता है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी साझेदारी के लिए तैयार हो। भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि संकट के दौरान भी वो एक भरोसेमंद साझेदार है। भारतीय कूटनीति की पहुंच ने दुनिया भर में परेशान भारतीय नागरिकों को राहत दी। यूक्रेन, यमन और अब सूडान में फंसे भारतीय नागरिक, प्रधानमंत्री के बनाये नजदीकी रिश्तों के कारण मुश्किल हालात से सही सलामत निकल पाये। आज भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ताकत के तौर पर स्थापित हो चुका है, जिसको शायद सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक चुनौती में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

नरेंद्र मोदी की विदेश नीति से भारत को ठोस वित्तीय फायदे भी हुए हैं। हाल में हासिल किये गये इन्हीं फायदों को भारत अपनी सक्रिय विदेश नीति के जरिए सुरक्षित करना चाहता है। भारत को 1.4 अरब नागरिकों की जिंदगियां बेहतर करने के सपने को पूरा करने के लिए सीमाओं पर स्थिरता का रहना जरूरी है। खासकर चीन के साथ भूगौलिक-रणनीतिक रिश्ते सुधरने चाहिए। बेशक चुनौती बहुत बड़ी है। इसमें भारतीय कूटनीति की कुशलता और प्रधानमंत्री मोदी के पर्सनल टच की आजमाइश होगी। उनकी तस्वीरें भारतीय विदेश नीति को परिभाषित करती हैं। दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेताओं के बीच आत्मविश्वास से भरा एक मजबूत नेता। एक मजबूत भारत का प्रतिनिधि। एक ऐसा देश जो आर्थिक विकास कर रहा है। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश, जिसे पश्चिमी देश विस्तारवादी चीन के मंसूबों पर विराम लगाने वाले एशिया के शक्तिशाली देश के तौर पर देखते हैं। भारत की विदेश नीति बहुत ही गतिशील है। भारत को ये अहम स्थान हमारी क्षमता, खासकर प्रधानमंत्री की दूसरे नेताओं के साथ साझेदारी में काम करने की क्षमता के कारण मिला है।

**(लेखक: प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रमुख, भाजपा झारखंड हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### एमपी में आदिवासी युवक के साथ हुई घटना के विरोध में झामुमो ने फूंका भाजपा का पुतला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों मध्यप्रदेश में आदिवासी युवा के साथ किए गए दुर्व्यवहार का झामुमो ने विरोध शुरू कर दिया। गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के आक्रोशित झामुमो नेताओं ने साकची गोलचक्कर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा और मध्याप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला फुक कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। झामुमो ने शर्मनाक घटना के विरोध में कहा कि मध्यप्रदेश के भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर है। अहंकारी भाजपा नेता सह विधायक प्रतिनिधि परवेश शुक्ला के द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया। भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित और अपमानित किया गया। भाजपा के आदिवासियों के प्रति निकृष्ट मानसिकता को उजागर करते हुए उनके झूठे आदिवासी प्रेम का पदार्फाश करना अत्यंत आवश्यक है। मौके पर शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, पूर्व सांसद सुमन महतो, वीर सिंह सुरेन, महावीर मुर्मू, बाबर खान, अरुण प्रसाद, राज लकड़ा, नंटु सरकार, प्रीतम हेंब्रम, गुरमीत सिंह गिल, प्राथो प्रकाश माझी,अजय रजक, फते चंद टुडू, उमाकांत झा, गोपाल महतो, राजा सिंह, बाली मार्डि, सविता सिंह, दुर्गा बोई पाई, उमर खान, डी राकेश राव, समिम मालिक, हैप्पी तंतु बाई,मोहम्मद सलीम, कन्हैया रजक सहित अन्य झामुमो कार्यक्रता शामिल रहे।

### मंदिर के स्थापना पर भव्य पूजा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा गाड़ाबासा शीतला माता मंदिर के स्थापना दिवस पर हरिद्वार से आये 11 पुरोहित ने महामृत्युंजय पाठ और रुद्राभिषेक पर पूजन किया। मौके पर मुख्य यजमान कन्हैया सिंह शामिल होकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। गुरुवार को पूजा के दौरान सुंदर काण्ड पाठ किया गया। मौके पर लगभग 5000 लोगों ने माता के चरणो में प्रमाण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ने महाप्रसाद के रूप में भंडारा में शामिल हुए। वही महिलाओं का योगदार सराहनीय रहा। मंदिर कमिटी के संयोजक कन्हैया सिंह ने बताया माता शीतला मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। वही भगवान शिव, प्रभु श्रीराम, माता जानकी के अलावे लक्षमन और प्रभु श्री हनुमान जी के मूर्ति स्थापित है।

# फिरोज अंसारी हत्याकांड के तीन अपराधी गिरफ्तार, पिस्टल और मोबाइल बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बीते रविवार को मुस्लिम बस्ती में बिजली मिस्त्री मोहम्मद फिरोज अंसारी हत्याकांड के मामले में तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मुस्तफा अंसारी, मोहम्मद करीम और दिलदार अंसारी शामिल है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल, कारतूस और मोबाइल बरामद कर लिया। गुरुवार को घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने बताया कि हत्त्या की सूचना पर एक विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। टीम ने तकनीकी अनुसंधान और साक्ष्य के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल तीनों आरोपी अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया मुस्तफा अंसारी के पिता साबिर हुसैन का बीते दिनों हत्या कर दी गई थी। मोहम्मद फिरोज ने साबिर हत्याकांड में रेकी की थी। उसी का बदला लेने के लिए मुस्तफा ने प्लान बना कर फिरोज की हत्या करवा दी। मुस्तफा कुख्यात ड्रग पेडलर डॉली परवीन का भतीजा है। फिलहाल आदित्यपुर पुलिस के लिए इसे एक बड़ी सफलता के रूप में देखी जा रही है। छापामारी टीम में थाना प्रभारी राजन कुमार, सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार,राजू राणा, करुणा कुमारी,अरुण कांत पांडे, आरक्षी मोहम्मद शमीम, शिव बच्चन और चालक तिरिया शामिल रहे।

## चाईबासा में राज्य स्तरीय मजदूर महासम्मेलन अगस्त में : शैलेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कामगार और कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे ने रांची परिसदन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा से मुलाकात की। आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव से पूर्व झारखंड के कामगारों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और कांग्रेस के पक्ष में एकत्रित करने के कवायद शुरू कर दी गई है। वैसे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा लगातार झारखंड दौरा कर रहे हैं। बुधवार को रांची पहुंचने के पश्चात वह प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय के साथ धनबाद के लिए रवाना हुए। जहां उन्होंने मनरेगा मजदूरो के साथ बैठक की। गुरूवार को पश्चिम सिंहभूम की जिला और प्रखंड कार्यकारिणी का विस्तार रांची परिसदन में नव मनोनीत पदाधिकारियों के साथ की। मौके पर संजय गाबा ने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में झारखंड के मजदूरों ने केंद्र में कांग्रेस का शासन लाने का मन बना लिया है। मोदी सरकार पूंजीपतियों के इशारों में मजदूरों का अधिकार हनन करते रही है। कामगारों ने इन्हें सबक सिखाने की ठान ली। प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने कहा प्रत्येक महीने में राज्य स्तरीय मजदूर महासम्मेलन का आयोजन केकेसी झारखंड के द्वारा किया जायेगा। मोदी सरकार को आखिरी पंक्ति के कामगारों तक बेनकाब करने का काम किया जाएगा। अगस्त महीने में इसकी शुरूआत कोल्हान की पावन धरती चाईबासा में होगी। उन्होंने कार्यकरताओं से मजदूरों को एकजुट करने और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने की बात कही। बैठक में नव मनोनीत कमेटी के पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष हसलुदीन खान, सिमडेगा के मजदूर नेता संदीप तिर्कि, जिला उपाध्यक्ष आमिर अंसारी,नोआमुंडी प्रखंड अध्यक्ष आनंद गोप, जगनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष सूरज मुखी, पश्चिमी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष आमिर अंसारी, नोआमुंडी प्रखंड अध्यक्ष आनंद गोप, कुमारदूंगी प्रखंड अध्यक्ष बिरेंदर दास, मझगांव प्रखंड अध्यक्ष गोरमोहन बेहरा, नोआमुंडी प्रखंड सचिव प्रकाश पूर्ति और बंसराज शामिल रहे।

### सीआइआइ के 10वें मैन्युफैक्चरिंग कांक्लेव इस्ट का हुआ आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में सीआईआई के 10वें मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लेव ईस्ट का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यशाला में प्रतिस्पर्धा, स्थिरता, प्रौद्योगिकी के माध्यम से वैश्विक मूल्य श्रृंखला को एकीकृत किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिति झारखंड के उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में झारखंड सहित पूर्वी जोन के औद्योगिक क्षेत्र को क्रांति के रूप में डेवलप करने पर चर्चा की गई। सेमिनार को संबोधित करते हुए उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया झारखंड सरकार राज्य में ग्रीन एनर्जी सहित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट विकसित करने को लेकर उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। साथ ही राज्य में औद्योगिक माहौल तैयार किया जा रहा है। आनेवाले दिनों में इसका असर देखने को मिलेगा। श्री सिंह ने कहा आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया को आगे और विकसित करने का सरकार का प्रयास जारी है। आने वाले 3 से 4 महीने में सड़क, पार्किंग, सीवरेज- ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए एजेंसी के साथ करार करने की योजना बन रही है। वही सीआईआई पूर्वी जोन के डिप्टी चेयरमैन एसके बेहरा ने झारखंड सहित पूर्वी राज्यों के उद्यमियों से मैन्युफैक्चरिंग उद्योगों में बढ़-चढ़कर आगे आने की बात कही। उन्होंने कहा देश में बेहतर औद्योगिक माहौल विकसित किया जा रहा है। ऐसे में अभी से ही तैयारी करनी होगी। श्री बेहरा ने कहा झारखंड की उद्योग नीति तो सही है लेकिन मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अपेक्षा के अनुरूप उद्योग विकसित नहीं होने पर चिंता है। उन्होंने भरोसा जताया सरकार इसपर ध्यान देगी। जल्द ही झारखंड को औद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित किया जाएगा। मौके पर अन्य बक्ताओ ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र सहित झारखंड के अन्य जिलों में उर्दू की विस्तार पर जानकारी दी।

### लापता अनिता देवी का शव कुआं से बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** सोमवार से लापता अनिता देवी ( 37) का शव गुरूवार को दुमका जिला के गोपीकांदर प्रशासन ने थाना क्षेत्र के हरिजन टोला के पीछे पुराना कुआं से बरामद किया। प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि गोपीकान्दर के सावित्री देवी ने सोमवार को अनीता देवी की लापता होने का आवेदन थाना को दिया था। बताया जा रहा है कि, काफी खोजबीन के बाद गुरुवार को मृतका की बहन सावित्री देवी ने अपने घर से निकल कर हरिजन टोला के पीछे पुराना कुआं के पास जा कर झांकने पर शव दिखाई दिया, सावित्री देवी ने तुरंत इसकी जानकारी थाना प्रभारी दिलीप पाल को फोन कर बताया कि, कुआं में शव दिखाई दे रहा है। शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। थाना प्रभारी दिलीप पाल ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई के लिए जांच शुरू कर दिया गया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मोबाइल हेल्थ यूनिट का उद्घाटन आज हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे मंत्री




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्माइल फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित ऑन व्हील्स मोबाइल हेल्थ केयर प्रोगाम के तहत जिले भर में लोगों को मोबाइल चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी जाएगी। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शुक्रवार को इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। मंत्री श्री ठाकुर इस मोबाइल हेल्थ यूनिट को प्रातः 10:30 बजे सदर अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट जिले के गांव-गांव में लोगों के घर तक पहुंचकर बच्चों एवं पूरे परिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायेगी। जानकारी देते हुए स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू ने बताया कि मोबाइल हेल्थ केयर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा लोगों के घर तक पहुंचायी जाएगी। एमएसडी फार्मास्युटिकल, झारखंड सरकार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से मोबाइल हेल्थ केयर प्रोगाम स्माइल ऑन व्हील्स के माध्यम से झारखंड के गढ़वा सहित पांच जिलों के चिन्हित गांव में वंचित आबादी के प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों को उनके घर के दरवाजे तक जाकर पूरा किया जायेगा।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए देशहित से ऊपर कुछ नहीं था : अलखनाथ पांडेय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर भारतीय जनता पार्टी गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मझिआंव आरके पब्लिक स्कूल के प्रशाल में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए देशहित से ऊपर कुछ नहीं था। भारत की अखंडता के लिए उनके बलिदान और संघर्ष ने कश्मीर और बंगाल को देश का अभिन्न अंग बनाए रखा। वें राष्ट्र पुनर्निर्माण में स्वदेशी नीतियों के दृढ़ समर्थक थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपनी दूरदर्शी सोच से देश में शिक्षा, स्वास्थ्य व औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखने और सामरिक दृष्टि से भारत को सशक्त बनाने में अहम योगदान दिया। उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार चिरकाल तक प्रासंगिक रहेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को धारा 370 समाप्त कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। आज जम्मू कश्मीर में एक विधान एक संविधान और एक प्रधान लागू है। मौके पर विजय चौबे, रोशन धर दुबे, विनोद ठाकुर, ऋषि राम, संजय पाण्डेय, रुपेश पाण्डेय, सहित विद्यालय के कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा नगर मंडल ने आजीवन सहयोग निधि अभियान चलाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में आजीवन सहयोग निधि का रसीद काटने का कार्य किया गया। जिसमें आम जनमानस व व्यवसायी पूरे उल्लास के साथ भाजपा के सहयोग निधि का रसीद कटवा रहे हैं और मोदी जी पर विश्वास कर सहयोग दे रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा की झोली में झारखंड की 14 सीट देने कार्य करेगी। सहयोग निधि संग्रहकर्ता टीम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, ओमप्रकाश तिवारी, जिला महामंत्री संतोष दुबे, युवा मोर्चा जिला महामंत्री विकास तिवारी, कार्यकर्ता मनोज गुप्ता मंडल, महामंत्री यशवंत मिश्रा, जिला कार्यसमिति सदस्य राजकुमार गुप्ता शामिल थे।

### स्व. रामविलास पासवान का जयंती समारोह मनाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति ने बुधवार को रमुना थाना क्षेत्र अंतर्गत बहियार खुर्द स्थित नवनिर्मित स्थापित पद्मश्री से सम्मानित पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान के प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर जयंती समारोह मनाया। मौके पर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के अध्यक्ष चंदन पासवान, जिला महासचिव राम चंद्र पासवान, उपाध्यक्ष जिला परिषद सदस्य खरौंधी धर्मराज पासवान, गढ़वा पश्चिमी के जिला परिषद प्रतिनिधि मिथिलेश पासवान, जिला संरक्षक जयराम पासवान, जिला संरक्षक रामनाथ श्रमिक, अधिवक्ता भूमि दाता समाजसेवी वीरेंद्र पासवान, दीनदयाल पासवान, मनदीप पासवान, राकेश पासवान, दीपक पासवान, ललन पासवान, मनोहर पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

**निरीक्षण : सदर अस्पताल में आयोजित दिव्यांगता जांच कैम्प का उपायुक्त ने लिया जायजा**

# दिव्यांगजनों की समस्याओं के निष्पादन के प्रति किया आश्वस्त

**पदाधिकारी एवं चिकित्सकों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र निर्गत करने से संबंधित कई आवश्यक निर्देश भी दिये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अस्पताल में आयोजित दिव्यांगता जांच कैम्प का उपायुक्त ने जायजा लिया एवं मौके पर उपस्थित पदाधिकारी एवं चिकित्सकों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र निर्गत करने से संबंधित कई आवश्यक निर्देश भी दिए। दिव्यांगता जांच कैम्प निरीक्षण के क्रम में उन्होंने दिव्यांग जनों से बातचीत की एवं उनकी समस्याओं के निष्पादन हेतु आश्वस्त किया। दिव्यांगता जांच कैंप विभिन्न तिथियों में रोस्टर अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/ट्रामा सेंटर में आयोजित हो रहे हैं। 5 एवं 6 जुलाई को सदर अस्पताल गढ़वा में दिव्यांगता जांच कैंप का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल में 7 एवं 8 जुलाई, ट्रामा सेंटर नगर उंटारी में 10 एवं 11 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी में 12 एवं 13 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में 14 एवं 15 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंझिआंव में 17 एवं 18 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में 19 एवं 20 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडारिया में 21 एवं 22 जुलाई 2023 को दिव्यांगता जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न स्थानों पर दो दिन आयोजित हो रहे इस कैम्प में पहले दिन दिव्यांग जनों का ऑनलाइन पंजीयन का कार्य किया जाएगा एवं दूसरे दिन दिव्यांग जनों का चिकित्सकों द्वारा जांच कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान दिव्यांगता जांच कैम्प में मुख्य रूप से सिविल सर्जन गढ़वा, डॉ अनिल कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत समेत अन्य संबंधित मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के लाभुकों के लिए सभी सरकारी / गैर सरकारी विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों की पहचान कर सीएचसी स्तर पर दिव्यांगता कैंप आयोजित किया जा रहा है।

दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) निर्गत होने के पश्चात उन्हें स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## साइबर अपराधी ने थाना का अधिकारी बताकर मुर्गा दुकानदार से की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** साइबर अपराधी ने अपने आप को भवनाथपुर थाना का अधिकारी बताकर गुरुवार के सुबह करीब 11 बजे केतार रोड तालाब के समीप स्थित मुर्गा दुकानदार अफजल अंसारी को ठगी का शिकार बनाया। इस दौरान अफजल अंसारी से उसने अपने फोन पे खाते में 4600 रुपये का ट्रांजेक्शन करा लिया। ठगी का शिकार होने पर वह स्थानीय थाना पहुंचा, जहां उसे निराशा ही हाथ लगी। घटना के बारे में जानकारी देते हुए भुक्तभोगी मुर्गा दुकानकर अफजल अंसारी ने बताया कि गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब मोबाइल संख्या 9262227439 से उसके फोन नम्बर-7061608802 पर कॉल आया। कॉल करने वाला ने अपने आप को भवनाथपुर थाना का अधिकारी बताते हुए कहा कि मुर्गा दुकानदार अफजल अंसारी बोल रहे हो न, आज थाना में पार्टी है, ऐसा करो तुम 30 किलो मुर्गा काटकर थाना में भेज दो। जब मैंने कहा कि सर किसी को भेज दीजिये सामने रहकर मुर्गा तौलवा लेंगे। इस पर उसने कहा कि हर बार तुम्हारे ही दुकान से मुर्गा आता है, तुम पर विश्वास है। इसके बाद उसने 9707345107 नंबर से वीडियो कॉल किया। जिसमें पुलिस की वर्दी पहने अधिकारी ने कहा कि अपना फोन पे नंबर दो, उस पर पैसा भेज दे रहे हैं। फिर उसने किरण देवी के नाम फोन पे नंबर 97073451606 से 10 रुपए भेजने के बाद कहा कि उस पर क्लिक करो पैसा खाते में चला जायेगा। जब 10 रुपए पर क्लिक किया तो पैसा मेरे फोन पे खाता में आ गया, तब उसने कहा कि चेक करो फोन पे में 30 किलो मुर्गा का दाम 3600 रुपए सेंड किये हैं, फिर उसी तरह उस पर क्लिक करो पैसा खाते में चला जायेगा। जब मैंने उस पर क्लिक किया तो एकाएक मेरे फोन पे खाते से 3600 सौ रुपए कट गया, और कुछ देर के बाद फिर 1000 रुपए कटने के बाद मैं अविलंब अपना सारा पैसा अपने खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर कर बड़ी क्षति होने बचाया।

## गढ़वा जिला झामुमो ने जुलूस निकालकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**आदिवासी युवक के सिर पर पेशाब करने की घटना पर जताया आक्रोश**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला झामुमो ने टाउन हॉल गढ़वा के मैदान से रंका मोड़ तक जुलूस निकाला। जुलूस रंका मोड़ पहुंचकर मध्यप्रदेश के भारतीय जनता पार्टी सीएम का पुतला दहन किया गया।

मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि मध्य प्रदेश के सिधी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक के साथ कुकृत्य किया गया है। यह कृत्य भारतीय जनता पार्टी के चाल, चरित्र, चेहरे एवं मानसिकता को उजागर करता है। देश की अकूत संपत्तियों को बेचा गया। उद्योगपत्तियों के हाथ देश को गिरवी रख दिया गया और आज देश में महंगाई लायी गई। जो उद्योगपतियों का लाभ पहुंचाने का ही उद्देश्य है। देश के नौजवानों को बेरोजगार बनाने वाला, कमरतोड़ महंगाई लाकर गरीबों को निवाला छिनने वाला, डीजल, पेट्रोल, गैस खरीद फरोख्त के दम पर जबरन सरकार बनाने एवं अपना दल को बनाने वाला। इनके कार्य से जनता उब चुकी है। इसका खमियाजा 2024 में इन्हें भुगतना पड़ेगा। भाजपा के कार्यकर्त्ता द्वारा गरीब आदिवासी के सिर पर पेशाब किया गया है। इनकी वजह से आदिवासी एवं अकलियत को दमन सहना पड़ता है।

नेताओं ने कहा कि इनके इस कृत्य के विरुद्ध झामुमो द्वारा पुतला दहन के माध्यम से चेतावनी दी जा रही है कि अपनी हरकत से बाज आयें। वर्ष 2024 के चुनाव में जनता इन्हें सबक सिखायेगी।

## केतार मुखिया ने 2856 मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटी

**स्वास्थ्य विभाग की ओर से गरीब परिवारों के बीच किया जा रहा है मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** पंचायत सचिवालय केतार के प्रांगण में गुरुवार को 2856 मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि आज केतार, केतरी, पण्डितपुरा गांव के लाभुकों के बीच मच्छरदानी वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक भयानक बीमारी है जो एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है। सरकार द्वारा मिलने वाली मेडिकेटेड मच्छरदानी इससे बचाव करेगी। उन्होंने पंचायत वासियों से अपील की कि वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है आप लोग अपने घरों को साफ-सफाई कर स्वच्छ रखें तथा आसपास पानी जमा नहीं होने दें। प्रतिदिन मच्छरदानी लगाकर सोयें तथा मलेरिया बीमारी से बचें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गरीब परिवारों के बीच मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ मच्छरदानी के वितरण से लोगों को बीमारी से मुक्ति मिलना संभव नहीं है। इस मौके पर एममपीडब्लू मनोज पाठक ने कहा कि इस मेडिकेट मच्छरदानी का उपयोग करने से पहले छाया में खोलकर चौबीस घन्टे तक रखे इसके पश्चात ही मच्छरदानी को लगाए।

इस मौके पर बीटीटी अनुज कुमार, एमपीडब्लू धर्मजीत राम, स्वास्थ्य सहिया माया देवी, कविता देवी, संगीत देवी, उर्मिला देवी सहित उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय के समक्ष सैकड़ों कार्ड धारियों ने किया प्रदर्शन

**पीडीएस डीलर पर तीन माह का राशन गबन करने का लगाया आरोप**



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर गुरुवार को खाला गांव के सैकड़ों राशन कार्ड धारियों ने डीलर खुशबू महिला मंडल समूह के द्वारा तीन माह का राशन गबन करने के आरोप में जोरदार हंगामा करते हुए धरना पर बैठ गए। लाभुकों ने बताया कि हमलोगों ने 22 दिन पूर्व धुरकी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह को लिखित शिकायत कर डीलर के बिचौलिए द्वारा राशन गबन करने व दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। परंतु अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई। लाभुकों का कहना था कि जब तक डीलर को बर्खास्त नहीं किया जाता है तब तक हमलोग धरने पर बैठे रहेंगे। बीएसओ का जिला के मीटिंग में उपस्थित होने के कारण प्रखंड कर्मी फैयाज खान, अंचल कर्मी आशुतोष झा, प्रमुख शांति देवी, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी, कमलेश सिंह गोंड धरना स्थल पर पहुंचकर लाभुकों को शनिवार तक डीलर के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन पर धरना को समाप्त करवाया। ग्रामीणों ने पुनः प्रखंड प्रमुख शांति देवी और प्रखंड कार्यालय का आवेदन फैयाज खान को सौंपा। इस दौरान हकीक अंसारी,अजमुद्दीन अंसारी,खलील अंसारी, काबेदिन अंसारी, तुराब अंसारी, इस्माइल अंसारी सहित सैकड़ों कार्डधारी उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

51वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–खूँटी

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–27<br>2. आवेदक–सरन होरो<br>3. पिता–बरनाबस होरो<br>4. ग्राम–कोटलो पोस्ट–तिलमी<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निषान | नहीं | नहीं | कारणः– झारखण्ड पार्टी से संबंधित सत्यापित रसीद एवं 'दिल्ली चलो' का बैज।<br>पार्टी–झा0पा0 | 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–149<br>2. आवेदक– हेमन्त तोपनो<br>3. पिता–मंगरा मुण्डा<br>4. ग्राम–जलटन्डा पोस्ट–जलटन्डा<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने कलाई में घाव का निषान | नहीं | नहीं | कारणः– झारखण्ड पार्टी से संबंधित सत्यापित पार्टी कागजात एवं 'दिल्ली चलो' का बैज।<br>पार्टी–झा0पा0 | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 301547 Home(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।**

**अति अल्पकालिन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई– निविदा संख्या :– **SD/LATEHAR/08/2023-24/RE (2nd call)**

1. विभाग का नाम :– ग्रामीण विकास विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **14-07-2023**
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **24-07-2023** अपराहन् **06:00** बजे तक
5. जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार के कार्यालय में रखे बक्सा के माध्यम से निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय **25-07-2023** अपराहन् **3:30** बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **26-07-2023** पूर्वाहन् **02:00** बजे।
7. संवेदक को 05 वर्श की अवधि तक मरम्मत एवं रख–रखाव हेतु सहमति पत्र सपथ पत्र के माध्यम से देना अनिवार्य होगा।
8- Defects Liability Period (DLP) के लिए 10% की राशि सुरक्षित रखी जायेगी। 05 वर्श की अवधि पूर्ण होने के उपरांत राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ–ही–साथ उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक–102 दिनांक–31.05.2023 के अन्य शर्तें भी संवेदक को मान्य होगा।
9. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग(ग्रामीण कार्य विभाग) एवं पथ निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है।
10. कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के ग्राम मंगरा रेलवे धरधरी पुल से अमडीहा देवी मण्डप भाया कल्याणपुर मेलाटाड़ होते हुए कंचनपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.00 कि0मी0 से 0.50 कि0मी0 तक) पार्ट–1 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के ग्राम मंगरा रेलवे धरधरी पुल से अमडीहा देवी मण्डप भाया कल्याणपुर मेलाटाड़ होते हुए कंचनपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.50 कि0मी0 से 1.00 कि0मी0 तक) पार्ट–2 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के ग्राम मंगरा रेलवे धरधरी पुल से अमडीहा देवी मण्डप भाया कल्याणपुर मेलाटाड़ होते हुए कंचनपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (1.00 कि0मी0 से 1.50 कि0मी0 तक) पार्ट–3 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के ग्राम मंगरा रेलवे धरधरी पुल से अमडीहा देवी मण्डप भाया कल्याणपुर मेलाटाड़ होते हुए कंचनपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (1.50 कि0मी0 से 2.00 कि0मी0 तक) पार्ट–4 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 301587 (Rural Development) 23-24 (D)


**परेशानी : बारिश में कांडी-मोखापी मोड़ स्थित डायवर्सन बहा, एक सप्ताह बाद भी नहीं बनया गया**

# आवागमन बाधित होने से लोगों को पांच किमी घूमकर आना-जाना करना पड़ रहा

**उक्त सड़क प्रखंड वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सड़क है, जो प्रखंड मुख्यालय से जोड़ती है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** कांडी-मोखापी मोड़ सड़क स्थित चोरांटी नदी पर एक सप्ताह के बाद भी नही बन सका डायवर्शन पिछले दिनों हुई तेज बारिस में डायवर्शन बह गया था। उसके बाद से उक्त सड़क से आवागमन बन्द है। दो पहिया वाहन बगल से किसी तरह आना जाना कर रहे हैं। जबकि उक्त सड़क पर चार पहिया व अन्य दूसरे वाहनों का आना-जाना एक सप्ताह से बंद है।

मालूम हो कि चोरांटी नदी पर तीन स्पेन के पुल का निर्माण कार्य हो रहा है। पुल निर्माण कार्य के बगल में संवेदक द्वारा अस्थायी रूप से डायवर्शन बनाया गया था। डायवर्शन में केवल मिट्टी होने के कारण पिछले दिनों हुई तेज बारिस में डायवर्शन बह गया था। लेकिन एक सप्ताह के बाद भी यातायात पुनः बहाल नहीं हो सका। संवेदक द्वारा मिट्टी देकर डायवर्शन बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसकी निर्माण की गति काफी धीमी है। कार्य स्थल पर नियुक्त साइट इंचार्ज संजीत चंद्रवंशी ने बताया कि डायवर्शन में पानी निकासी के लिए दो दो फीट ब्यास का तीन ह्यूम पाइप दिया गया है। लेकिन जिस तरह की उक्त नदी में पानी का तेज धारा होती है दो फीट के नाला से पानी नहीं निकल सकता है। साथ ही केवल मिट्टी देकर डायवर्शन बनाया गया है। पत्थर स्पॉल देना जरूरी था। अगर निकट भविष्य में तेज बारिस हुई तो पुनः डायवर्शन बह सकता है। पानी के तेज बहाव में डायवर्शन के पास लगाया गया बिजली का एक एलटी पोल ध्वस्त हो गया है। जबकि 11 हजार वोल्ट का एक बिजली पोल ध्वस्त होने के कगार पर है। जो कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। बिजली प्रवाहित 11 हजार का बिजली पोल गिरता है तो कोई बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उक्त सड़क प्रखंड वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सड़क है। उक्त सड़क प्रखंड मुख्यालय से जोड़ती है। जिससे प्रतिदिन सैकडों वाहन से हजारों की संख्या में ब्लॉक, थाना, बैंक, अस्पताल व बाजार के लिए लोग आते हैं। साथ ही उक्त सड़क मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन व बिहार से भी लोगों को जोड़ती है। लेकिन एक सप्ताह से उक्त सड़क पर आवागमन बन्द है। लोगों को पांच किलोमीटर घूम कर सेमौरा पतिला चौक होकर आना-जाना पड़ रहा है।

## पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में शशि रंजन ने जिले के अधिकारियों को दिये कई निर्देश

# खूंटी के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए अधिकारी तैयार करें एक्शन प्लान : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन ने अधिकारियों को जिले के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया है। पर्यटन संवर्धन समिति की गुरुवार को हुई बैठक की अध्यक्षत करते हुए डीसी ने अधिकारियों के साथ जिले के ए, बी, सी, डी यानी अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर के पर्यटन स्थलों की श्रेणियों के आधार पर विचार-विमर्श किया। कहा कि सभी विकसित पर्यटन स्थलों पर पर्यटन समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों का अनुश्रवण करें। साथ ही सभी पर्यटन स्थलों पर मूल आवश्यकताओं, शौचालय व पेयजल आदि की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाएगी। डीसी ने कहा कि खूंटी जिले में पर्यटन की अधिक संभावनाएं हैं। खूंटी पर्यटकों का आकर्षण का केंद्र है। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि लतरातु डैम को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से उक्त स्थल में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। इसमें चिल्ड्रन प्ले ग्राउंड, कॉटेज, वॉच टावर व स्विमिंग पूल की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पेरवाघाग, रीमिक्स फॉल, पंचघाघ, दशम फॉल, लटरजंग, पेलोल डैम आदि पर्यटन स्थलों को भी विकसित किया जा रहा है। बैठक के दौरान स्वच्छता के दृष्टिकोण व स्थानीय लोगों के रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए डीसी ने निर्देश दिया कि सभी पर्यटन स्थलों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि सभी पर्यटन स्थलों पर संबंधित जीओलॉजिकल, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व व जानकारी लोगों को दी जाए।

## खूंटी के 14 माध्यमिक और प्रत्येक प्रखंड से दो-दो माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों में आयोजित होगा प्रोजेक्ट आरएआइल कार्यक्रम



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को शिक्षा विभाग से संबंधित बैठक हुई। डीसी ने कहा कि समय की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का सार्थक प्रयास करें। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अकादमिक सफलता के साथ-साथ उनका विकास सुनिश्चित कर इन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। जिले के सभी विद्यालयों में भी चरणबद्ध तरीके से शिक्षण व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में प्रयास किये जायेंगे। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और उनके अधिगम स्तर में अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त कराने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट आरएआइल (रेगुलर एसेसमेंट फॉर इंप्रूव्ड लर्निंग) की तर्ज पर खूंटी प्रखंड के 14 माध्यमिक और प्रत्येक प्रखंड से दो-दो माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों में कार्यक्रम संचालित किए जायेंगे। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सभी चयनित विद्यालयों में गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान का सिलेबस के अनुसार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आधार पर साप्ताहिक जांच की जाएगी, जिससे बच्चों के अधिगम स्तर एवं उनमें दिन प्रतिदिन हुई प्रगति का आकलन किया जा सकेगा। बताया गया कि चयनित विद्यालयों के सभी शिक्षकों का आठ जुलार्ठ को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम खूंटी के आदर्श विद्यालय सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस अभियान की शुरूआत 14 जुलाई को होगी। डीसी ने निर्देश दिया कि बच्चों को विद्यालय की ओर से एजुकेशनल ट्रिप भी कराई जाय, उन्हें लतरातू डैम एवं कर्रा पार्क का भ्रमण कराया जाय। इस माध्यम से बच्चे विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक होंगे एवं कृषि व पर्यटन क्षेत्र संबंधित जानकारी उपलब्ध कराते हुए बेहतर रूप से शिक्षित किया जाएगा।

## मुखिया ने की समीक्षा बैठक कार्य में तेजी लाने का निर्देश



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोड़ो, सितु, तुता, तिरुलडीह, लेपाटांड़ आदि पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें उपस्थित पंचायत सचिव ने बताया कि पंचायत स्तरीय सभी विभागों के कार्यों का बारी-बारी से समीक्षा की गयी। साथ ही कार्य प्रगति में तेजी लाने को कहा गया है। वहीं, सोड़ो पंचायत सचिवालय में मुखिया नयन सिंह मुंडा की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय सभी विभागों क समीक्षा बैठक की गयी। सोड़ो पंचायत के आंगनवाड़ी सेविकाओं ने मांग किया कि आंगनवाड़ी भवन स्थित बने चापाकल खराब हो गया है जिसे अविलंब दुरुस्त किया जाए। इस संबध में पंचायत सचिव से जानकारी लिया गया तो उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी खराब चापाकलों की मरम्मती की जाएगी। इस मौके पर पंचायत सचिव अशोक कुमार महतो, रोजगार सेवक माधव लाहा, मुखिया नयन सिंह मुंडा, आंगनवाड़ी सेविका, एएनएम, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया और वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने की पुलिस की आलोचना, चोरी की घटना का उद्भेदन नहीं कर पाने से नाराजगी



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा के रांची जिला प्रभारी विनोद सिह ने पार्टी नेता सह सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू के तमाड़ स्थित घर में विगत दो जुलाई की रात हुई चोरी की घटना का इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा उद्भेदन नहीं कर पाने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने गुरुवार को ब्यान जारी कर कहा कि दो दिनों के अंदर इस कांड का पुलिस द्वारा उद्भेदन नहीं किया गया तो पार्टी की ओर से तमाड़ थाने का घेराव किया जाएगा। वहीं, सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी खूंटी एसपी व रांची एसपी से बात किया था, लेकिन अब तक कामयाबी नहीं मिली है। हालांकि विगत दिनों पुलिस ने सड़क किनारे से भाजपा नेता की स्कॉर्पियों को नामकुम थाना क्षेत्र के रिंग रोड से बरामद किया था। गौरतलब हो कि गत दो जुलाई की रात चोरों ने भाजपा नेता के घर में घुसकर करीब 3.5 लाख रुपये के आभूषण और स्कॉर्पियों चोरी कर ली थी।

## अड़की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में गार्ड नहीं होने से हो रही है परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में गार्ड नहीं रहने से काफी परेशानी हो रही है। गेट पर भी टीचर को ही ड्यूटी देनी पड़ रही है। लड़की रहने के कारण मुख्य गेट को हर समय बंद रखना पड़ता है। लोगों के अलावे छात्राओं के अभिभावक आते-जाते रहते है। जिस कारण बार-बार गेट खोलना पड़ता है। वार्डन प्रभा बालमुचु ने बताया कि गार्ड अप्रैल महीना से ही नहीं है। विभाग को इसकी लिखित सूचना दी गयी है। गार्ड नहीं रहने से हमेशा डर बना रहता है। यहां 450 लड़कियां है। उन्हें संभालने में काफी दिक्कतें होती है।

# सीसीएल के सीएमडी ने किया पिपरवार का दौरा, नयी शावेल मशीन का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



शॉवेल मशीन का उद्घाटन करते अधिकारी।

**पिपरवार।** सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद और निदेशक तकनीकी आरबी प्रसाद ने गुरुवार को पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। दोनों अधिकारियों के पिपरवार पहुंचने पर जीएम सीबी सहाय ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पिपरवार दौरे पर निदेशक तकनीकी आरबी प्रसाद ने पी वन 1000 पांच केवीए के भारी शोवेल मशीन का उद्घाटन किया। इसके बाद अधिकारियों ने अशोका खदान, सीएचपी शाईलो, 20 किलोवाट के निमार्णाधीन सोलर संयंत्र का निरीक्षण किया। निदेशक तकनीकी आरबी प्रसाद के साथ महाप्रबंधक सीबी सहाय, जीएम एक्सावेशन एसके सिंह, सीएचपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद थे। उधर, दौरा के बाद अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों के साथ खदान विस्तारीकरण, सुरक्षा, उत्पादन, संप्रेषण को लेकर समीक्षा की। जिसमें अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## रैयत विस्थापित मोर्चा के पदाधिकारियों ने किया भू-धंसानस्थल का निरीक्षण

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी शाखा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को ढुब बस्ती के नजदीक भू-धसान स्थल का निरीक्षण किया। शाखा सचिव अमृत भोगता ने स्थल निरीक्षण के बाद कहा कि 100 मीटर तक दायरे में यह भू-धसान से आसपास के लोग भयभीत है। भू-धंसान से यह जगह खतरनाक हो चुकी है। पूर्व में इस जगह भूमीगत खदान चला है जिस कारण बरसात में इस तरह की घटना हुई है। उन्होंने रोहिणी प्रबंधन से मांग किया कि भू-धसान स्थल की घेराबंदी कर इसे बंद किया जाय, ताकि कोई दुर्घटना नहीं हो।

# खलारी प्रखंड में हुई सर्वदलीय बैठक में जनसमस्याओं पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** प्रखंड स्थित विधायक कार्यालय में गुरुवार को सर्वदलीय बैठक की गयी। जिसमें सभी दल के प्रतिनिधि और खलारी की जनता उपस्थित थी। वर्तमान में स्कूल बस से दुर्घटनाग्रस्त होने को लेकर चर्चा की गयी, जिसमें कई स्कूल के छात्रों को चोट आइ थी। आरोप लगाया गया कि डकरा एरिया की ओर से जर्जर बसों से छात्रों को लाया-लेजाया जा रहा है, जो चिंतनिय है। जबकि बसों के कागजात तक दुरुस्त नहीं है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सीसीएल द्वारा सभी बसों को बदला जाए और कागजात दुरुस्त किया जाए। जिन बच्चों को चोट लगी है उन सभी का बेहतर इलाज कराया जाए एवं सभी को मुआवजा दिया जाए। अगर इन सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो खलारी की जनता आंदोलन करने को मजबूर होगी। यही नहीं, बीसीसीएल प्रबंधन को बसों की संख्या बढ़ाने और क्षेत्र की सड़क जर्जर सड़कों की भी मरम्मति करायी जाए। साथ ही डकरा रीजनल अस्पताल में डॉक्टर एवं चिकित्सा सुविधा समुचित रूप से रखने की मांग की गयी है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, रामसूरत यादव, रतिया गंझू, राजकुमार गंझू, राजेश प्रसाद, संजीत तुरी, अनिल तुरी, दिलीप पासवान, निरंजन सिंह, नागेंद्र सिंह, नितेश सिंह, प्रेम साहू आदि थे।

## दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

# दिउड़ी मंदिर परिसर से हटाये जायें ठेला-खोमचा वाले: एसडीओ

**मंदिर परिसर में अतिक्रमण किए लोगों को भी जल्द से जल्द हटाने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक में उपस्थित एसडीओ, सीओ और मंदिर कमेटी के सदस्य।

**तमाड़।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बुंडू एसडीओ ने की। बैठक में दिउड़ी मंदिर के समूचित विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। लेखापाल अरुण शांडिल्य की ओर से आय व्यय का विवरणी पेश किया गया। बताया गया कि जनवरी 2021 से पांच जुलाई 2023 तक कुल आय 48,73,248.88 रुपए है, जबकि कुल खर्च मानदेय, त्योहार, मंदिर रख-रखाव, मंदिर कलाकृति निर्माण, सीसीटीवी अधिष्ठापन, कार्यालय निर्माण विविध खर्च में 35,74, 672.85 रुपए है। वहीं कुल बचत 12,98,576.03 रुपए है। इसके साथ ही घंटी निलामी संबंधी चर्चा किया गया। नीलामी डाक लेने वाले की संख्या एवं अन्य त्रुटियों के कारण नीलामी प्रक्रिया स्थगित हो गयी। जल्द इसकी प्रक्रिया की जाएगी। साथ ही मंदिर रंग-रोगन कार्य का निविदा निकाला गया। निविदा के बाद रंग रोगन का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष सह एसडीएम अजय कुमार ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए मंदिर परिसर में किसी भी सूरत में ठेला नहीं लगवाने का निर्देश दिया। साथ ही सचिव सह अंचलाधिकारी विमल सोरेन को भी निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में अतिक्रमण किए गए लोगों को जल्द हटवाएं, ताकि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में अजय कुमार, सीओ विमल सोरेन के अलावे बीडीओ गिरिजा शंकर महतो, तमाड़ थाना के चंदन कुमार शाहा, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिप सदस्य दिलीप सेठ, पंचायत समिति सदस्य, मुख्य पुजारी नरसिंह पंडा, मुख्य पुजारी सुखराम मुण्डा सहायक अभियंता आदित्य नाथ मुंडा आदि थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पंचायत की सहमति के बिना कराया सड़क निर्माण, फंसा भुगतान का पेंच

**तोरपा (आजाद सिपाही)।** तपकारा के शहीद चौक से कब्रिस्तान तक बनाये गये पीसीसी पथ में भुगतान का पेंच फंस गया है। एक ओर जहां सड़क निर्माण करानेवाले ग्रामीण मुखिया रोशनी गुड़िया पर भुगतान के लिए दबाव बना रहे हैं, वहीं मुखिया का कहना है कि सड़क निर्माण के पहले ग्रामसभा की बैठक में योजना को पारित कराना पड़ता है। ग्रामसभा की स्वीकृति के बाद ही निर्माण कार्य शुरू करने का प्रावधान। मुखिया ने कहा कि इसमें कोई प्रक्रिया पूरी नहीं की गई, तब पंचायत मद से इसका भुगतान कैसे हो सकता है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के सहयोग से शहीद चौक से कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ बनाया गया है, लेकिन इसका भुगतान अब तक नहीं हुआ है। मुखिया का कहना है पंचायत से जब भी कोई योजना तैयार की जाती है तो उससे पहले ग्रामसभा में योजना को चढ़ाया जाता है। इसके बाद उसकी प्रक्कलित राशि, कार्य योजना का नाम प्लान प्लस में चढ़ाया जाता है। ऐसे में जब कुछ प्रकिया पूरी ही नहीं की गई, तो किस योजना मद में राशि दी जाएगी। मुखिया कहती हैं कि जब पीसीसी पथ बनाया जा रहा था, तब ऐसे ही भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि सड़क का मिर्नाण किस फंड से किया जा रहा है, तब उन्हें बताया गया कि जिला योजना मद से सड़क निर्माण कराया जा रहा है। दूसरी ओर पीसीसी पथ बनाने में सहयोग करने वाले तैयब अंसारी का कहना है कि पीसीसी पथ बनने से पूर्व मुखिया को सारी जानकारी दे दी गयी थी। उसके बाद ही पथ बनाया गया है।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने फूंका मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मध्यप्रदेश में एक भाजपा कार्यकर्ता द्वारा एक आदिवासी के साथ किए गए कुकृत्य के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में गुरुवार की शाम भगत सिंह चौक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा का पुतला फूंका। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा एक आदिवासी पर पेशाब करने की घटना से पूरा देश शर्मसार है। इस घटना ने आदिवासियों के प्रति भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा को भी उजागर कर दिया है। इसी के प्रतिवाद में इस दिन राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में एमपी के मुख्यमंत्री और भाजपा का पुतला दहन किया जा रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मगन मंजीत तिड़ू, डिक्शन पूर्ति, सचिव गुलशन सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, स्नेहलता कंडुलना, सुशील पहान, सुदीप गुड़िया, भोलेनाथ लाल, मोजीर अंसारी, ऊषा धान, अर्जुन मुंडा और शंकर सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

### किचटो में रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक आयोजित



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत भवन में गुरुवार को रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय सचिव रामचंद्र उरांव और संचालन केंद्रीय सदस्य जितेंद्र कुमार ने किया। बैठक में रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने और ट्रक मालिकों द्वारा तय किए किए गए भाड़ा भुगतान करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में वर्ष 2021-2022 में तय किये गये भाडा को स्थाई करने पर सहमति बनी। साथ ही जुलाई महीने से तय भाड़ा भुगतान करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में तय किये गये भाडा पर ट्रक मालिकों ने अपनी सहमति दी। बैठक में मोर्चा की ओर से क्षेत्र के विस्थापित, प्रभावित, मजदूर, महिलाओं को रोजगार से जोड़ने को लेकर भी चर्चा की गयी। सभी लोगों से आपसी एकजुटता कायम रखने का आह्वान किया गया। इस मौके पर महेंद्र गंझू, मो ताज, अर्जुन गंझू, रंथू गंझू, जेपी महाराज, विजय महतो, आशिक अली, इदरीस अंसारी, रामबालक गंझू, सुनील गंझू, रचित गंझू, शकील अंसारी, सलीम जावेद, अमर महतो, लियाकत अंसारी, बदरूद्दीन अंसारी, मोहम्मद जुल्फान, सलकू गंझू, ललन राम, राजेंद्र गंझू, सुरेंद्र राम, मन्नू केशरी, वासुदेव महतो, प्रेम ठाकुर, राजेश मुंडा, रोहीत गंझू, वसीम अकरम, गणेश गंझू, असगर, रोहित केशरी, मनोज गंझू, बसारत अंसारी, सफीक असारी, प्रकाश भोक्ता, पच्चु गंझू, महेश महतो, विकाश कुमार, मोहम्मद सैफ, राजेश गंझू, दिनेश दास आदि मौजूद थे।

### मोटे अनाज की खेती को दें प्राथमिकता : डॉ चौधरी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष एवं एफएलडी के तहत गुरुवार को उन्नत किस्म के धान (सहभागी, सवर्ण श्रेया) और मडुवा के बीज का वितरण, तोरपा, रनिया और अड़की प्रखंड के विभिन्न गांव के किसानों के बीच किया गया। बांटे गए बीज से 40 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की जा सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने इन बीजों को उपचारित कर पंक्तिबद्ध तरीके से लगाने की जानकारी दी। इसके पूर्व कृषकों ने धान की खेती में आ रही परेशानी के संबंध में केंद्र के वैज्ञानिकों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हम बीज तो लगा लेते हैं, लेकिन उसे कैसे लगाना है और किस तरह के खेत में कौन बीज उपयुक्त होगा, इसका चयन हम नहीं कर पाते, जो फसल उत्पादन में कमी का एक बहुत बड़ा कारण है। धान वितरण के बाद खरपतवार से लेकर कीट नियंत्रण तक की विधियों को किसानों को बताया गया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य किसानों को बीज बाटना नहीं है, बल्कि किसानों को विकसित तकनीक के माध्यम से खेती कें बारे में भी जानकारी देना है। बिना उन्नत तकनीक के खेती करने से एवं वैज्ञानिक विधि से उसका अनुपालन न करने से किसान अपनी आमदनी नहीं बढ़ा पा रहे हैं।

### रेखा देवी ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी खूंटी-अड़की की समस्याएं

**अड़की (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सह राज्य नरेगा कमेटी की सदस्य रेखा देवी ने गुरुवार को रांची में आयोजित झारखंड के जिला परिषदों की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष खूंटी जिला और अड़की की कई समस्याओं को रखा और निराकरण की अपील की। प्रखंड में मनरेगा कुआं हरित ग्राम योजना आदि की समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने भी गंभीरता से सुना और समाधान करने का आश्वासन भी दिया।

**कार्यक्रम : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का किया गया वितरण**

# डॉ मुखर्जी के आदर्श हर पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे : प्रदीप वर्मा



**कार्यक्रम में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर किए श्रद्धा-सुमन अर्पित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के गेतलसूद में गुरुवार को मानवता के उपासक प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123 जयंती मनायी गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

मौके पर डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। सशक्त भारतवर्ष के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उनके आदर्श व सिद्धांत देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त करते हुए लोगों को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श विचार, त्याग, समर्पण को जीवन में आत्मसात करने का आहवान किया।

इस अवसर पर सरला बिरला यूनिवर्सिटी एवं जसपुरिया सेवा केन्द्र द्वारा 200 से भी अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच खाद्य सामग्री व अन्य जरूरी समानों के पैकेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र महतो ने तथा संचालन जैलेन्द्र कुमार ने किया।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रलेखन विभाग के संयोजक अमित चरण, विश्वविद्यालय के डीन डॉ संदीप कुमार, गेतलसूद मुखिया शांति मुण्डा, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, शंकर बैठा आदि मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने घर-घर चलाया जनसंपर्क अभियान, मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** केन्द्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को अनगड़ा मंडल के साल्हन, हेसल, चिलदाग, लुपूंग आदि पंचायत क्षेत्रों में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा के नेतृत्व में सिमलिया, साल्हन, बेड़वारी, लालगढ़, सिमरटोली, हेसल, बाहया, सोसो आदि गांवों में घर-घर जाकर लोगों को मोदी सरकार के 9 साल को बेमिसाल बताते हुए केन्द्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत किया तथा उनके बीच पत्रक का वितरण किया। जनसंपर्क अभियान में ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, महामंत्री सुनील महतो, राजेन्द्र महतो, सुरेश महतो, बसंत चौधरी, तीर्थराज चौधरी, रामपद चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्वर्णरेखा जलविद्युत परियोजना की जमीन का अतिक्रमण कर किया जा रहा है निर्माण कार्य

**अवैध कब्जा के खिलाफ शुरू करेंगे जन आंदोलन : फारूक अंसारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** सिकिदीरी स्थित जल विद्युत परियोजना के क्वार्टर में अवैध कब्जा का मामला पूर्व में सामने आने के बाद अब परियोजना की जमीन का भी अतिक्रमण कर अवैध ढंग से निर्माण कार्य कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि बोर्ड के ही कुछ पदाधिकारियों की सह पर पूर्व में बिजली बोर्ड के दर्जनों दुकान एवं क्वार्टर को अवैध कब्जे में कर इसे किराए पर दे दिए जाने का मामला सामने आया था। इसको लेकर विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने आंदोलन भी किया था तथा चेयरमेन को ज्ञापन देकर मामले की जांच कर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। बावजूद आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब तो बोर्ड की जमीन का भी अतिक्रमण कर धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि यह पूरा खेल बोर्ड के एक सिक्युरिटी इंचार्ज द्वारा खेला जा रहा है। मामला बोर्ड के वरीय अधिकारियों के संज्ञान में भी है, पर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

इधर रामगढ़ विस के पूर्व प्रत्याशी फारूक अंसारी ने कहा कि मामले की जांच को लेकर रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा की ओर से बोर्ड के चेयरमेन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यथाशीघ्र मामले की जांच नहीं हुई तो फिर इसके खिलाफ व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा।

## भाजपाइयों ने टाटीसिलवे में चलाया जनसंपर्क से समर्थन अभियान

**जनहित व देश हित के लिए एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की जरूरत है : प्रमोद सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को टाटीसिलवे मंडल अंतर्गत बूथ नंबर 212 एवं 213 के टुटीहारा, हेसाबेड़ा, पतरा टोली और सोगोद गांव में भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत संपर्क से समर्थन अभियान खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि सह टाटीसिलवे मंडल प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया।

इस अभियान में प्रमोद कुमार सिंह ने केंद्र सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को लोगों को बताया और कहा कि जनहित व देश हित के लिये नरेंद्र मोदी को पुनः एकबार अपना समर्थन देते हुये प्रधानमंत्री बनाने की जरूरत है।

इस दौरान सभी लोगों के बीच केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किये गये राष्ट्रहित में विकास कार्यों की पर्ची बांटा।

वहीं, प्रमोद कुमार सिंह ने पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई देते हुये कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा एक नया इतिहास आगामी चुनावों में बनायेगी।

मौके पर रुदेश्वर राय, किशोर अहीर बूत, पुसला मुंडा, शरद ओझा, प्रीति मुंडा, बंधन मुंडा, दीपक तिर्की, जगन मुंडा, कोयार मुंडा, रमेश लकड़ा, मासु कच्छप आदि उपस्थित थे।

## पिठोरिया में भाजपा का समर्थन से सहयोग कार्यक्रम आयोजित

**राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व कांके विधायक समरी लाल ने गणमान्य लोगों को किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिठोरिया।** भाजपा का समर्थन से सहयोग कार्यक्रम के तहत पिठोरिया गांव निवासी समाजसेवी अनिल केशरी, अरुण कुमार केशरी व मुखिया मुनी देवी सहित अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और कांके विधायक समरी लाल भाजपा के द्वारा दिया गया।

मौके पर ग्रामीण जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पिठोरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, कमलेश राम, सुरेश राम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताया।

## उग्रवाद के खिलाफ लड़नेवाले मुस्तफा अंसारी कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच न्यायालय में हुए उपस्थित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उग्रवाद के खिलाफ बेखौफ होकर आवाज बुलंद करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता और झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी गुरुवार को उग्रवादी घटना से जुड़े एक मामले को लेकर कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच न्यायालय में उपस्थित हुए। मालूम हो कि विगत वर्ष 2011 में अनगड़ा में घटित एक उग्रवादी घटना को लेकर कांड संख्या 47/11 अंकित कर सात कथित उग्रवादियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में निचली अदालत से रिहाई के बाद अपील संख्या 141/19 माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में की गई थी। सुनवाई के पश्चात सिविल कोर्ट रांची को सुनवाई करने का आदेश दिया गया जो सीआर अपील संख्या 24/2021 न्यायालय में लंबित है। उग्रवादियों की रिहाई के खिलाफ अपील दायर करने की हिम्मत जुटाने वाले मुस्तफा अंसारी संभवतः झारखण्ड के पहले व्यक्ति हैं। यह वर्ष 2011 से ही लगातार उग्रवादियों के खिलाफ सीधी लड़ाई लड़ रहे हैं। मौके पर मुस्तफा अंसारी ने कहा कि पुलिस-प्रशासन के द्वारा गवाहों और प्राथमिकी दर्ज करने वाले लोगों को इस तरह का सहयोग मिलता रहा तो निश्चित रूप से अपराध और उग्रवाद नियंत्रण में रहेगा।

## बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा झारखंड में सशक्त होगी : सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बाबूलाल मरांडी को युवा नेता ने दी बधाई**



**रांची।** भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने बाबूलाल मरांडी को भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

सन्नी टोप्पो ने कहा है कि इनके कुशल और अनुभवी नेतृत्व में भाजपा झारखंड में सशक्त होगी। वहीं संगठन अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। साथ ही कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बढ़ेगा।

उन्होंने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर विजय हासिल करेगी और नरेंद्र मोदी एक बार पुनः देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इसके बाद 2024 में झारखंड विधानसभा चुनाव में भी भाजपा जीत दर्ज करते हुए राज्य में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार की शुभकामनाएं बाबूलाल के साथ है। निश्चित ही पार्टी ने सही व्यक्ति को नेतृत्व करने का अवसर दिया है।

## मांडर पुलिस ने डायन कुप्रथा उन्मूलन को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना क्षेत्र के कंजिया ग्राम में डायन कुप्रथा उन्मूलन को लेकर गुरुवार को इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें डायन कुप्रथा उन्मूलन को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने ग्रामीणों को जादू टोना, ओझा गुनी तथा डायन विसाही जैसी कुप्रथाओं से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि समाज के कुछ लोग अपने स्वार्थ को लेकर लोगों को डायन विसाही कहकर शिकार बनाते हैं। इसलिए आप लोग ऐसे दलाल तबके के लोगों से सतर्क रहें। मौके पर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रब्बुल अंसारी, जगराम उरांव, प्रेमचंद एक्का, शेरोफिना मिंज, चमरा उरांव, बिनोदित तिग्गा सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : भाजपा ओरमांझी मंडल ने चलाया जनसंपर्क से जनसमर्थन अभियान**

## जनसंपर्क से ही 2024 चुनाव जीतने के लिए समर्थन जुटाया जा सकता है : आदित्य साहू

**कार्यक्रम में पुराने जनसंघी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मंडल की ओर से जनसंपर्क से जनसमर्थन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने किया। कार्यक्रम में मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का महाजनसंपर्क अभियान 01 जुलाई से 16 जुलाई तक चलाया जाएगा। इसी कड़ी में कुचू, पांचा और ओरमांझी में घर घर जाकर मोदी सरकार की योजनाओं को बतलाया गया एवं 2024 में पुनः मोदी सरकार को विजय बनाने का आग्रह किया गया।

कार्यक्रम में पुराने जनसंघी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि जन सम्पर्क के माध्यम से ही 2024 चुनाव जीतने के लिए समर्थन जुटाया जा सकता है। नरेंद्र मोदी की सरकार में सभी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाया गया है। सभी व्यक्ति कोई न कोई योजना से लाभान्वित हैं। कोरॉना वैक्सिन, आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज, प्रधानमंत्री आवास योजना पक्का मकान, स्वच्छ भारत मिशन से गरीबों को इज्जत घर, मुफ्त राशन प्रति व्यक्ति 5 केजी, उज्जवला योजना जैसे लाभ शामिल हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, बालक पहान, महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, राजधम साहू, मंत्री राजकिशोर साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्ण कुमार, लक्ष्मण साहू, मुखिया दीपक बड़ाइक, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, शशि मेहता, विक्रांत तिवारी, आनंद महतो, संतोष कुशवाहा, दीपा चौरसिया, किरण देवी, ममता देवी, दुर्गा शंकर साहू, कामेश्वर साहू, तिर्टू महतो, शिवनारायण साहू, अल्पसंख्यक मण्डल अध्यक्ष आफताब आलम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मुर्गीडीह से आश्वाबेड़ा तक 1.5 किमी मोरम पथ निर्माण कार्य का शुभारंभ



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित जोन्हा प्रखंड के टाटी पंचायत में मुर्गीडीह से अश्वाबेड़ा तक 1.5 किलोमीटर रोड के अभाव में ग्रामीण काफी परेशान थे। यह रोड जमीन विवाद के कारण नहीं बन पाया था। इस समस्या से अवगत कराते हुए ग्रामीणों ने विधायक सुदेश महतो से रोड निर्माण कराने की मांग की थी। विधायक के निर्देश पर जिला सचिव शंकर बेदिया, प्रखंड उपाध्यक्ष अमर सिंह मुंडा ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर जमीन संबंधी समस्या को सुलझाते हुए गुरुवार को मिट्टी मोरम पथ कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़ कर किया। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक के प्रति आभार जताया।

## गणेशपुर ग्रामप्रधान के निधन पर शोक व्यक्त

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** जयडीहा पंचायत के गणेशपुर गांव के ग्राम प्रधान रामप्रसाद बेदिया (56) का बुधवार की रात मिर्गी बिमारी से निधन हो गया। उनकी पत्नी ज्योति देवी ने बताया कि बुधवार रात को अचानक 11 बजे से शरीर में खिंचाव होने लगा था। वाहन की व्यवस्था नहीं रहने के कारण सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंचा पाए, जिसके कारण अपने पति को खो दिया। उनके निधन पर विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो, बिशुन बेदिया, नकुल बेदिया, मन्नु बेदिया, केतरा बेदिया, क्रांति देवी, मुनि देवी, उप मुखिया नीलांबर खरवार, रमेश कुमार महतो आदि ने शोक व्यक्त किया।

## खरसीदाग मैदान में 52 पड़हा राज की बैठक आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** उदयपुर सिरी परगना 52 पड़हा राज की बैठक पड़हा मैदान खरसीदाग में गुरुवार को पड़हा राज के अध्यक्ष प्रदीप तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक का संचालन कल्याण लिंडा के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पड़हा व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने तथा जनवरी महीना के बाद कमेटी को पूर्णगठन करने, वर्तमान में चल रहे कमेटी को सुचारु रुप से चालाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। मौके पर वरिष्ठ सचिव सरेश नायक, महिला पड़हा अध्यक्ष सुशीला भुटकुवंर, मरियम लकड़ा, मतियास मुंडा, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, मुखिया शिवचरण कच्छप, मदन टुटी, चामु बेक, एतवा कच्छप, महाबीर मुंडा, जुरा पहान, बिरला होरो, अनुज सिंह मुंडा, राजू कच्छप, करमा गाड़ी बालकेश्वर बड़ाईक, सहदेव सिंह, जोसेफ एक्का, दयानंद मुंडा आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीआइटी के विद्यार्थियों ने किया सबस्टेशन का भ्रमण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची के इलेक्टिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनीरिंग (ट्रिपल ई) के चौथा सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बुधवार को टाटीसिलवे विद्युत सबस्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण किया तथा सबस्टेशन के कार्यप्रणाली का विस्तृत अध्ययन किया। मौके पर विद्युत सब स्टेशन के अस्सिस्टेंट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर पंकज कुमार ने सबस्टेशन का विस्तृत भ्रमण कराया तथा 33केवी / 11केवी, स्काडा ऑटोमेशन द्वारा सब स्टेशन के कार्यप्रणाली का निरीक्षण एवं कंट्रोल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर शिक्षक डॉ नैयर मुमताज ने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुये कहा कि अभी का युग प्रैक्टिकल करने व गहराई से अध्यन करने का युग है। विद्यार्थियों के साथ प्रो श्वेता सोनाली ढाल, पी पी दास, नसीम अंसारी, विद्युत सब स्टेशन के ऑपरेटर नरेश कुमार महतो, विकास टोप्पो, वीरेंद्र सिंह, संतोष मिश्रा आदि मौजूद थे।

## 12 सदस्यीय युवाओं की बजरंगबली कांवरिया संग नगड़ी का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के साहेर देवरी सहित कई गांवों के 12 सदस्यीय युवाओं की बजरंग बली कांवरिया संग नगड़ी का एक जत्था समाजसेवी राज मोहन महतो के नेतृत्व में बाबाधाम देवघर के लिए रवाना हुआ। मौके पर शिव भक्तों को भगवा झंडा दिखाकर हटिया विधानसभा क्षेत्र आजसू प्रभारी भारत काशी साहू एवं क्षेत्र के समाजसेवी बजरंग महतो ने झंडा दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपस्थित भरत काशी साहू एवं समाजसेवी बजरंग महतो ने संयुक्त रूप से सभी कांवरियों को आशीर्वाद देते हुए भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की मानव की कल्याण एवं सुख शांति एवं समृद्धि बना रहे इसके लिए सभी को भगवान से प्रार्थना करने को कहा। इससे पूर्व कांवरियों का जत्था ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना कर उनके दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर अशोक ठाकुर, कृष्णा महतो, शक्ति शिखर, रवि महतो, प्रदुम साहू, केसर साहू, कामेश्वर महतो, सुजीत महतो इत्यादि लोग में उपस्थित थे।

## चरवा उरांव को मिला मत्स्य पालन के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव के किसान चरवा उरांव को मत्स्य पालन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें रामकृष्ण मिशन आश्रम ऑडिटोरियम मोराबादी रांची में मिनिस्ट्री आफ ट्राईबल अफेयर्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एंड वेलफेयर गवर्नमेंट ऑफ झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में कृषि में ऊर्जा संरक्षण व उपयोग पर कार्यशाला के दौरान दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से संस्थान द्वारा 49 अंगीकृत गांव के सेवा संघ के प्रतिनिधियों के अलावा जिले के विभिन्न भागों से 94 कृषकों ने भाग लिया था। वहीं मौके पर केवीके के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डा. अजीत कुमार सिंह, संस्थान के सचिव स्वामी भवेशानन्द जी महाराज एवं संस्थान के डा. आरके सिंह, डा. नेहा राजन, मनोज सिंह, अरुण कुमार भत्ता आदि वैज्ञानिकों ने सराहनीय योगदान दिया।

### प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना से सूबे में बेहतर कार्य के लिए किये गये थे चयनित

# उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा के लिए सरकार ने डॉ प्रकाश परिमल को किया सम्मानित

**शंकर नेत्रालय में सेवा देने के बाद वर्तमान में कानपुर, वाराणसी व रेहला में दे रहे हैं स्वास्थ्य सेवा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेहला के प्रख्यात नेत्र चिकित्सक प्रकाश परिमल को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में बेहतर कार्य करने के लिए मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम के मुख्यातिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता थे। डॉ प्रकाश परिमल मूलतः पलामू जिले के केतात गांव निवासी सेवानिवृत्त जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशिनाथ चौबे के बड़े पुत्र हैं। उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपनी सेवा चेन्नई के चर्चित शंकर नेत्रालय से शुरू किया था। काफी दिनों तक वहां सेवा देने के उपरांत डॉ प्रकाश परिमल सामाजिक दायित्व के तहत अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा करने के लिए रेहला में अपने हॉस्पिटल की एक शाखा खोला है। इसके अलावा उन्होंने पलामू प्रमंडल के कई सुदूरवर्ती इलाकों में निःशुल्क आई कैंप लगाया। वर्तमान में प्रकाश परिमल तीन-चार वर्षों से रेहला में भी अपनी सेवा दे रहे है। तभी से यहां नेत्र रोगियों का तांता लगा रहता है। इसका मुख्य कारण कम खर्च में लोगों को देश के चर्चित नेत्र हॉस्पिटल शंकर नेत्रालय की तरह रेहला में भी सेवा उपलब्ध हो जाया करता है। रेहला में भी डॉ परिमल का अत्याधुनिक संसाधनों से लैस प्रकाश आई केयर हॉस्पिटल संचालित है। जिसमें नेत्र रोगियों का सफल इलाज और ऑपरेशन हुआ करता है। इधर, डॉ प्रकाश परिमल के इस उपलब्धि से पूरे पलामू प्रमंडल में खुशी की लहर है। कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, डॉ वीपी शुक्ला, डॉ डीपी शुक्ला, कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, डॉ राजेश्वर पांडेय, पूर्व प्रमुस्ख संतोष चौबे सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।



डॉ प्रकाश परिमल को सम्मानित करते अतिथि।

# धर्म सभी जाति वर्ग को एक सूत्र में जोड़ता है: डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**नौ जुलाई को माता शवरी जयंती पर आयोजित होंगें कई कार्यक्रम, भंडार और लालगढ़ पंचायत के नवनिर्मित मंदिरों में होगा मां शबरी की प्रतिमा का अनावरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** माता शबरी सेवा समिति की ओर से शबरी जयंती के अवसर पर नौ जुलाई को कई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम विश्रामपुर प्रखंड के भंडार और लालगढ़ पंचायत के नव निर्मित मंदिरों में माता शबरी के प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। आरसीआईटी के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि माता शबरी का प्रतिमा स्थापित कर उसकी प्राणप्रतिष्ठा के बाद अनावरण किया जायेगा। इसके अलावा वृंदावन के रूद्र महाकाल ग्रुप के कलाकारों द्वारा धार्मिक भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम की प्रिया भक्त माता शबरी की अनुनय गाथा सनातन धर्मावलंबियों के लिए एक प्रेरणा है। सनातन धर्म सभी जाति वर्गों को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। वहीं, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि नौ जुलाई के कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी करेंगे। वहीं पाटन विधायक पुष्पा देवी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने बताया कि नौ जुलाई को प्रातः सात बजे कलश शोभा यात्रा निकाला जायेगा। इसके दिन के नौ बजे प्राणप्रतिष्ठा होगा। जिसके बाद प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम 11.30 बजे से शुरू हो जायेगा। दोपहर दो बजे से महाप्रसाद का वितरण और महाभंडारा शुरू होगा जो पूरे दिन चलेगा। इस मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, इदरीश हवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# एनामुल आजाद खलीफा और अब्दुल हसन बने उप खलीफा



**मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी का चुनाव संपन्न, शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** मस्जिद कमेटी के सरपरस्त नेहाल अंसारी की अध्यक्षता में गुरुवार को मुहर्रम त्योहार को लेकर बैठक हुई। जिसमें मुहर्रम के सफल संचालन के लिए खलीफा और उप खलीफा समेत सदस्य का चुनाव आपसी सहमति से किया गया। इससमें एनामुल आजाद को खलीफा और पूर्व मुखिया अब्दुल हसन को उप खलीफा चुना गया। साथ ही सदस्य में साब्बिर, अफजल हुसैन, हारून रशीद, कुतुबुद्दीन, इकबाल, अफरोज, अफताब आलम, कासिम, अजाबुल हसन उर्फ गुड्डू फैसल, हदीस को सर्वसम्मति से चुने गए। इस अवसर पर एनामुल आजाद ने पांकी प्रखंड के सभी मुहर्रम कमेटी के लोगों से अपील की कि आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम का त्योहार मनायें।

## अखिल भारतीय व्यवसायिक शिल्प परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित नेशनल आईटीआई कॉलेज में गुरुवार को अखिल भारतीय व्यवसायिक शिल्प 2023 प्रथम सत्र एवं द्वितीय सत्र की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त संपन्न हुई। इस दौरान 315 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। नेशनल आईटीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर दंडाधिकारी और पुलिस बल की पुख्ता व्यवस्था की गई है। परीक्षा को बेहतर तरीके से संपन्न कराने में प्रबंधन की ओर से विशेष व्यवस्था की गयी थी। परीक्षा के दौरान दंडाधिकारी अंचल निरीक्षक प्रगति प्रकाश, हरिहरगंज थाना एसआई निरंजन कुमार, वीक्षक नंदन कुमार, सौरव राज, सुमन कुमार, उत्तम प्रजापति ,अरविंद सिंह, विमलेश पाठक आदि उपस्थित थे।

# विवेक ने एनआइटी में सफल होकर किया क्षेत्र का नाम रोशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबा।** विवेक कुमार ने एनआइटी में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। घोषित 2023 परीक्षा परिणाम में विवेक को पूरे भारत में 289 रैंक प्राप्त हुआ है। विवेक कुमार मूल रूप से पोलडीह पंचायत के पोलडीह जगदीशपुर गांव निवासी कौशल्या देवी व संकुल साधन सेवी रामनाथ पाल के पुत्र हैं। अपने बेटे की सफलता पर रामनाथ पाल बताते हैं कि वह शुरू से ही लक्ष्य के प्रति इमानदारी से मेहनत करते थे। इसी कारण मैट्रिक में 10 सीजीपीए, इंटर में 75 व स्नातक में 70 फीसदी अंक लाने में सफल रहे। वहीं, विवेक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया। बताया कि नियमित व कड़ी मेहनत से निश्चित तौर पर सफलता मिलती है। जरूरत है लक्ष्य निर्धारित कर करो या मरो की नीति के साथ मेहनत करने की। दूसरी ओर, विवेक की इस सफलता पर मुखिया संजू देवी, पूर्व मुखिया अभय सिंह, समाजसेवी अशोक यादव, सुमेर सिंह, मंटू सिंह, शैलेश कुमार, शंकर दयाल सिंह, हरिमोहन पाल, जयंत सिंह, जितेंद्र पाल, रवि सिंह, रामकिशन पाल आदि ने बधाई देते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अवैध कोयला कारोबार का भंडाफोड़, दो अवैध कोयला लदा पिकअप वैन जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा।** बाघमारा थाना क्षेत्र में अवैध लोहा चोरी का भंडाफोड़ होने के दूसरे ही दिन यानी गुरुवार को सीआइएसएफ की टीम ने बाघमारा में ही दो अवैध कोयला लदा पिकअप वैन पकड़ा है। बताते चलें कि बुधवार को धनबाद के डीसी संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई थी। जिसमें सभी थाना प्रभारियों एवं क्षेत्र के सीओ को निर्देश दिया गया था कि क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध भंडारण अवैध ट्रांसपोर्टिंग एवं अवैध उत्खनन पर पूरी तरह रोक रहेगा। अगर कोई इस काम में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन उसी रात बाघमारा क्षेत्र में सीआइंएसएफ की टीम ने दो पीकअप वैन में भरकर ले जाए जा रहे अवैध कोयला को जब्त किया जाना कई सवालों को खड़ा करता है। कहीं न कहीं कोयले के इस काले कारोबार में स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत की बू आ रही है।

जिस दिन जिला ट्रांसपोर्ट का बैठक होना और उसी रात बाघमारा थाना क्षेत्र में दो अवैध कोयला लदा पिकअप वैन का पकड़ा जाना धनबाद डीसी के निर्देसों की खुली तौर पर अवहेलना है।

गौरतलब हो कि सीआइएसएफ की टीम ने बसंती चौक पर रात के अंधेरे में जीन दो पिकअप वाहनों को पकड़ा है उनमें एक बिहार का है, जिसका नंबर बीआर 46जी 6432 है। जबकि दूसरा पिकअप वाहन झारखंड का है जिसका नंबर जेएच10सीएम5403है। पकड़े गए दोनों वाहनों को सीआइएसएफ की टीम ने बाघमारा पुलिस को सौंप दिया है। दूसरी ओर, बाघमारा के थाना प्रभारी नीतीश अस्विनी ने कहा कि मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। आरोपितों को जल्द पकड़ा जाएगा।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 142 मरीजों की हुई जांच, दी गयी दवा



मरीजों की जांच कर दवा देते चिकित्सकीय टीम के सदस्य।

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से कुटमू पंचायत मुख्यालय में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 142 मरीजों की जांच के बाद इलाज किया गया। सभी मरीजों को मुफ्त दवा भी दी गई। शिविर में मरीजों का जांच व उपचार डॉ सूर्य प्रकाश शैनी, डॉ अजय कुमार, वर्षा कुमारी, खुशबू कुमारी, धर्मेंद्र कुमार, अक्षय कुमार, अश्वनी कुमार व एमडी खुर्शीद आलम द्वारा किया गया। मौके पर शंकर गुप्ता, कामेश्वर चौधरी, आशीष कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, आशीष कुमार आदि मौजूद थे।

# सभी क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास ही एकमात्र लक्ष्य: बिरंची नारायण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चास प्रखंड अंतर्गत सुनता पंचायत के ग्राम काशीटांड व रेलवे फाटक डुगरीगोड़ा हटिया और चैनपुर पंचायत के ग्राम बारूडीह में डीएम एफटी से बनने वाले ग्रामीण पथ का बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने गुरुवार को शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि सभी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। कोई भी गांव विकास की रोशनी से अछूता नहीं रहे इसके लिए निरंतर प्रयासरत करते रहेंगें। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति का समूचित विकास कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना मेरा लक्ष्य है। इसके लिए सभी गांवों में पक्की सड़क, बिजली, पेयजल सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में लगा हूं। इस मौके पर चैनपुर पंचायत की मुखिया पार्वती देवी, सुनता पंचायत के छबि देवी संजय त्यागी, सनातन सिंह, अरविंद हेंब्रम, राधा नगर मुखिया स्वरूप दास, परमेश्वर मांझी, मुलेश्वर मांझी, मोतीलाल मांझी, बाबूलाल मांझी, काजल राय, ढुलू गोप, हरिपद गोप, रघुनाथ टुडू, शक्ति सोनार, निरंजन अग्रवाल, बंटी मंडल, कीर्तन कुंभकार, दुर्गा गोराई, सुरेश मांझी, हीरालाल हांसदा, दुखू गोप, गुड्डू रजवार, अमरजीत कैवर्त, विकाश कैवर्त, माणिक कैवर्त और राजकुमार कैवर्त आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी ने किया मॉडर्न खादी हाउस का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के अंबेडकर चौक स्थित डाक बंगला मार्केट में गुरुवार को मॉडर्न खादी हाउस का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली आदि ने संयुक्त रूप से किया। छेदी खान ने कहा कि बढ़ती आबादी में जरूरत की चीजों की मांग बढ़ी है। यह प्रतिष्ठान लोगों के लिए लाभदायक साबित होगा। वहीं, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि क्वालिटी के आधार पर इस प्रतिष्ठान की अलग पहचान बनेगी। प्रतिष्ठान के प्रो सह निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर प्रबीर बराट, मोहिउद्दीन अंसारी, जनक पासवान, खालिद अंसारी, असगर हुसैन, अनवर अंसारी, डॉ मन्नान और पाल्हे आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



**जका अशरफ को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का नया चेयरमैन बनाया गया है। पाकिस्तानी सरकार ने अशरफ की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय कमेटी की घोषणा की है। अशरफ का कार्यकाल चार महीने का होगा।**

### अशरफ की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय कमेटी की घोषणा हुई, चुनाव आयुक्त भी बदले गये

# जका अशरफ बने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नये चेयरमैन

एजेंसी

**कराची।** जका अशरफ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नये चेयरमैन बन गए हैं। पाकिस्तान सरकार ने अशरफ की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय कमेटी की घोषणा की है। अशरफ का कार्यकाल चार महीने का होगा। कमेटी में पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज जहीर अब्बास को भी शामिल किया गया है। साथ ही पीसीबी चुनाव आयुक्त अहमद शहजाद फारूक राणा को भी हटा दिया गया है। उनकी जगह सुप्रीम कोर्ट के वकील महमूद इकबाल खाकवानी को नियुक्त किया गया है। नई कमेटी की बैठक गुरुवार को हुई। बतातें चलें कि अशरफ पिछले महीने पीसीबी के होने वाले चुनाव में चेयरमैन के प्रबल दावेदार थे। पीसीबी की अंतरिम प्रबंधन समिति के प्रमुख नजम सेठी ने चुनाव से कुछ दिन पहले अपना नाम वापस ले लिया था। इससे अशरफ का चेयरमैन बनना तय था। हालांकि, सेठी की ओर से गठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को पाकिस्तान के विभिन्न कोर्ट में चुनौती मिलने के बाद पीसीबी चेयरमैन का चुनाव स्थगित कर दिया गया था।



### कोर्ट में चुनौती मिलने के बाद चुनाव हुआ था स्थगित

दरअसल सेठी की ओर से गठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में पीसीबी संरक्षक यानी प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ के दो प्रत्यक्ष नामांकित व्यक्ति भी शामिल थे। जिसे कार्यवाहक अध्यक्ष अहमद शहजाद फारूक राणा ने इसके बाद कई बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को बदल दिया। इसमें लाहौर, कराची, रावलपिंडी और पेशावर जैसे बड़े शहरों के प्रतिनिधियों की जगह डेरा मुराद जमाली, हैदराबाद, लरकाना और बहावलपुर जैसे छोटे शहरों के लोगों को शामिल किया गया। जिसे पीसीबी के पूर्व सदस्यों ने चुनौती दी और अदालत का दरवाजा खटखटाया। वहीं, पीसीबी के पूर्व सदस्य गुल मोहम्मद काकर की याचिका को ब्लूचिस्तान हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और 17 जुलाई को सुनवाई की डेट निर्धारित की। जिसके बाद नए अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को स्थगित हो गया था।

### 2011-2013 तक जका रह चुके हैं पीसीबी चेयरमैन

जका अशरफ 2011 से 2013 में पीसीबी के चेयरमैन रह चुके हैं। साल 2013 में इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने यह कहते हुए उन्हें पद से हटा दिया था कि उनकी नियुक्ति अवैध तरीके से हुई है। उस वक्त नजम सेठी को पीसीबी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि, एक साल बाद अशरफ को फिर से चेयरमैन की कुर्सी मिल गई थी। वहीं जका अशरफ को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी का समर्थन मिला है। ऐसे में पीसीबी में कोई भी फैसला लेने से पहले उन्हें प्रधानमंत्री शहबाज की मंजूरी लेनी होगी।

## तमीम इकबाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**चट्टोग्राम (एजेंसी)। बांग्लादेश के कप्तान और ओपनिंग बैटर तमीम इकबाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने गुरुवार को चट्टोग्राम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिटायरमेंट की घोषणा की। कैमरे के सामने अनाउसमेंट करते हुए उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े। 34 साल के तमीम ने बांग्लादेश के लिए तीनों फॉर्मेट में शतक लगाए। वह टीम के लिए कुल 25 अंतरराष्ट्रीय शतक लगा चुके हैं। तमीम की कप्तानी में बांग्लादेश ने बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला। बारिश से बाधित मैच में टीम को अफगानिस्तान ने 17 रन से हरा दिया। तमीम इस मुकाबले में 21 गेंद खेलकर 13 रन ही बना सके। मुकाबले में हार के बाद तमीम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अपना रिटायरमेंट अनाउंस करते हुए उनकी आंखों से आंसू निकल आए।**

## चैनपुर अंचल की दिवंगत राजस्व उप निरीक्षक रीता कुमारी के निधन का लोगों ने दी श्रद्धांजलि




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय परिसर में पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे समेत अन्य पदाधिकारियों एवं समाहरणालय के कर्मियों की ओर से अपराह्न तीन बजे चैनपुर अंचल के राजस्व उप निरीक्षक रीता कुमारी ने निधन पर उनकी मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। विदित हो कि गुरुवार की सुबह 10 बजे रांची स्थित मां रामप्यारी अस्पताल में रीता कुमारी ने अंतिम सांस ली थी। उनके निधन के उपरांत समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन कर मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसके बाद कार्यालय का कार्य स्थगित कर दिया गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, वरीय कार्यालय अधीक्षक मो शकील सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाहरणालय कर्मी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 07 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in



**नाराजगी :** धनबाद-झरिया मुख्य मार्ग जाम रहने से लगी वाहनों की लंबी कतार

# बस्ताकोला क्षेत्र में 10 दिनों से जलापूर्ति ठप, लोगों ने किया चार घंटे सड़क जाम

- सरकार की नल-जल योजना हुई फेल, लोग हो रहे हलकान
- सड़क जाम से स्कूली बच्चे भी हुए परेशान, जिम्मेदार मौन

## बिजली आपूर्ति बाधित होने से ही हो रही पेयजल की समस्या : पंकज झा


सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करती महिलाएं।


सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करते पुलिस व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** कोयलांचल में बिजली-पानी की समस्या अब आम हो गई है। सरकार भले ही सुधार करने के बड़े-बड़े दावे करे, लेकिन आम जनता आज भी पानी के लिए हाहाकार कर रही है। झरिया शहर में भी इन दिनों चारों ओर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। गुरुवार को बस्ताकोला क्षेत्र में 10 दिनों से पानी की आपूर्ति ठप होने से गुस्साए लोगों ने झरिया-गौशाला मोड़ के समीप मुख्य मार्ग को चार घंटे जाम कर दिया। बीच सड़क उतर कर भारी संख्या में महिलाएं-पुरुष एवं बच्चे हाथ में बाल्टी व गैलन लेकर माडा अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, सड़क पर प्रदर्शनकारियों के जमे रहने से धनसार मोड़ से लेकर कतरास मोड़ तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शनकारियों की मानें तो बस्ताकोला क्षेत्र में पेयजल समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। पेयजल की समस्या के निदान के लिए लोगों ने कई बार माडा कार्यालय में पदाधिकारी से भी बातें की, लेकिन समस्या का निदान नहीं हो सका। माडा कार्यालय के चक्कर लगा कर थक जाने के बाद मजबूरन सड़क उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### प्रदर्शनकारियों के समझाने में पुलिस की हुई बेबस

**गौशाला मोड़ चौक पर लोगों ने पानी को लेकर मेन सड़क को बंद कर दिया। इस कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्कूली बच्चों के साथ ही आमजनो को भी काफी परेशानी हुई। उधर जाम की सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोगों ने उनकी एक न सुनी। लिपिका महंत ने कहा कि दो माह से घर में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। बावजूद इसके 15 हजार रुपये का बिल भेज दिया गया है। सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं होने से पानी खरीद कर पीने को मजबूर है। लोगों ने कहा कि जब तक पानी की आपूर्ति नहीं होगी, धरना जारी रहेगा।**

### फ्लॉप हो गयी है नल जल योजना

दूसरी ओर, गुस्साए लोगों ने झरिया बस्ताकोला गौशाला मोड़ के समीप धनबाद- झरिया मुख्य मार्ग को जाम कर घंटों प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बस्ताकोला क्षेत्र में नल जल योजना पूरी तरह फ्लॉप हो चुकी है। लोगों का मानना है कि पेजल समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से बातें भी की। इसके बावजूद अधिकारी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। लोगों ने बताया कि पेयजल की आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों की दिनचर्या ही पूरी तरह खत्म हो चुकी है। जलापूर्ति के अभाव में लोग दूर-दराज से पानी लाकर अपनी दिनचर्या को पूरा करते हैं। वहीं, लगभग दो बजे झमाड़ा के कार्यपालक अभियंता पंकज झा जब सड़क जाम की सूचना पाकर पहुंचे तो प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने खूब खरी-खोटी सुनाई। हालांकि पंकज झा ने लोगों को समझा बुझा कर जाम हटाया। उन्होंने पेय जलापूर्ति बाधित होने का पूरा ठीकरा बिजली विभाग पर फोड़ा। कहा कि बिजली बाधित होने के कारण भंडारण व वितरण में परेशानी होती है। कभी मोटर खराब तो कभी पाइपलाइन में लीकेज के कारण भी मुश्किल बढ़ गई है।

# बस्ताकोला कोल डंप में हिंसक झड़प के बाद ट्रक लोडिंग ठप

## नाराज संयुक्त मोर्चा ने भी बंद किया डिस्पैच

- लोडिंग में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी को लेकर जनता श्रमिक संघ की प्रबंधन से वार्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बीसीसीएल के बस्ताकोला लोडिंग पॉइंट में बुधवार को संयुक्त मोर्चा और जनता श्रमिक संघ (जमसं) के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद प्रबंधन की ओर से फिलहाल ट्रक लोडिंग कार्य बंद करा दिया गया है। इससे नाराज संयुक्त मोर्चा समर्थकों ने गुरुवार को लोडिंग पॉइंट पहुंच डिस्पैच कार्य को पूरी तरह बंद कराते हुए प्रदर्शन किया। संयुक्त मोर्चा ने बीसीसीएल प्रबंधन, धनबाद के सांसद और झरिया विधायक सहित डीसी और एसएसपी को पत्र लिखकर कहा कि पूर्व में संयुक्त मोर्चा के नेताओं के साथ हुई कई दौर की वार्ता के बाद ही लोडिंग कार्य शुरू हुआ था। तय हुआ था कि परियोजना से प्रभावित लोगों को ही यहां रोजगार दिया जाएगा। संयुक्त मोर्चा की ओर से प्रबंधन द्वारा मजदूर, विस्थापितों के विरुद्ध लिए गए निर्णय की कड़ी निंदा करते हुए कहा गया कि जब तक ट्रक लोडिंग कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक कोयले की ट्रांसपोर्टिंग कार्य बाधित रखेंगे। दूसरी ओर, बस्ताकोला ऑफिसर क्लब में जनता श्रमिक संघ के नेताओं और बस्ताकोला परियोजना पदाधिकारी के साथ ट्रक लोडिंग में 50 फीसदी हिस्सेदारी सहित परियोजना के समीप रह रहे लोगों के मूलभूत सुविधा को लेकर वार्ता हुई। लोडिंग विवाद छोड़ सभी मुद्दों पर प्रबंधन ने जल्द से जल्द निराकरण को लेकर आश्वस्त किया। जबकि ट्रक लोडिंग विवाद पर सहमति नहीं बनी। रोड सेल के तहत डीओ ट्रक लोडिंग में 50 फीसदी हिस्सेदारी देने के मुद्दे पर प्रबंधन द्वारा दो दिनों के भीतर जेसीसी की बैठक बुलाकर समाधान करने का आश्वासन दिया गया है। वार्ता में प्रबंधन की ओर से बस्ताकोला परियोजना पदाधिकारी एके शर्मा, कोलियरी प्रबंधक (कार्मिक) अजय कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्मिक) नागेंद्र यादव आदि शामिल थे। वहीं संघ की ओर से अमर सिंह, संयुक्त महामंत्री अभिषेक सिंह, मनोज गोप, राजू दास, उपेन्द्र सिंह, रंजीत कुमार दास सहित कई समर्थक थे।

# बीएसएल में हुई सेफ्टी एपेक्स कमेटी की बैठक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल में कवच नामक सेफ्टी कल्चर ट्रांसफॉरमेशन अभियान की शीर्ष समिति की बैठक गुरुवार को निदेशक प्रभारी आरएसपी, अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी बीएसएल अतानु भौमिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीएसएल के अधिशासी निदेशक, सीजीएम और विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। इसमें संस्थापक और निदेशक (एएसके ईएचएस) जेके आनंद और उनकी टीम के सदस्य भी उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत दिलाई गई सुरक्षा शपथ के साथ हुई। इस दौरान, सुरक्षा सलाहकार फर्म 'एएसके ईएचएस इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड' ने इस सेफ्टी कल्चर ट्रांसफॉरमेशन प्रोग्राम के तहत चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के कार्यान्वयन की स्थिति पर एक प्रस्तुति दी। कवच सुरक्षा कार्यक्रम के एक अहम हिस्से के रूप में उल्लेखित सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन भी बैठक के दौरान भौमिक द्वारा लांच किए गए। सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन बिहेवियरल इंटरवेंशन प्रोग्राम, इंसिडेंट रिपोर्टिंग और जांच प्रणाली, ठेकेदार सुरक्षा प्रबंधन, कैपेबिलिटी और कोमपेटेंसी, बो-टाइ एप्लिकेशन, रिस्पान्सबिलिटी, अकाउन्टबिलिटी, कंसल्टेड व इन्फॉर्म्ड, व्यक्तिगत सुरक्षा कार्य योजना और जॉब हजार्ड एनालिसिस से संबंधित हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –04 वर्ष 2023–2024 3rd Call**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांकः 14-07-2023 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 15-07-2023 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः 15-07-2023 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Weigh bridge with Operator Room at Khunti, Dist khunti for the year 2022-23. | 35,66,656.00 | 5,000.00 | 71,400.00 | 02 माह |
| 2 | Construction of Weigh bridge with Operator Room at Torpa, Dist khunti for the year 2022-23. | 35,66,656.00 | 5,000.00 | 71,400.00 | 02 माह |

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।

निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 301606Building(23-24)#D


# 4.60 करोड़ की लागत से बनेगा कोनार नदी में नया इंटेकवेल : डॉ लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता


विधायक डॉ लंबोदर महतो।

**गोमिया।** गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह पंचायत के लोगों को जल्द ही कोनार नदी से पाइपलाइन की मदद से घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा। उक्त बातें गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कही। वे गुरुवार को गोमिया स्थित आवास में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। विधायक ने कहा कि गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह क्षेत्र में फिलहाल गोमिया-होसिर के बोकारो नदी एवं आंशिक रूप से कोनार नदी से जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन लोगों की मांग के अनुसार जल्द ही करमाटांड़ स्थित कोनार नदी से पाइपलाइन द्वारा शुद्ध पानी आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोनार नदी के तट पर चार करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से नया इंटेकवेल व पानी के मोटर हाउस बनाकर पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जाएगी। इस कार्य के लिए विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। कहा कि बुधवार को बोकारो में दिशा की बैठक में इस मामले को उठाया गया और संबंधित अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह पंचायत में वर्षो से पानी की समस्या है। कोनार नदी में नया इंटेकवेल व मोटर हाउस के बन जाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। इस मामले को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री व पेयजल व स्वच्छता मंत्री से मिलकर पत्र सौंपा गया है।

# पानी कनेक्शन शुल्क और होल्डिंग टैक्स में भारी बढ़ोतरी के खिलाफ माकपा का प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** पानी कनेक्शन शुल्क एवं होल्डिंग टैक्स में भारी बढोतरी के खिलाफ गुरुवार को फुसरो नप कार्यालय के समीप मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी (माकपा) बेरमो लोकल कमेटी के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। पार्टी के जिला सचिव सह राज्य कमेटी सदस्य भागीरथ शर्मा ने कहा कि फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के लोगों से पानी कनेक्शन शुल्क के नाम पर जो देय राशि निर्धारित की गई है वह लाभुकों की देय क्षमता से अधिक है। जिस कारण लाभुक चाहते हुए भी भारी भरकम पानी कनेक्शन शुल्क देने में असमर्थ हो रहे हैं। उन्हें पानी कनेक्शन से बंचित होना पड़ रहा है। यह न्यायपूर्ण नहीं है। वहीं होल्डिंग टैक्स भी तीन गुणा बढा दिया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड के अंदर अन्य नगर परिषद भी हैं जिससे फुसरो नगर परिषद की पानी कनेक्शन शुल्क अलग है जो चिंता का विषय है। सरकार की हर घर नल जल योजना की घोषणा की पोल खोलने के लिए फुसरो नगर परिषद का यह फरमान काफी है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पेजल आपूर्ति मंत्रालय को इसका संज्ञान लेकर पानी कनेक्शन निःशुल्क करने और पानी आपूर्ति शुल्क संबंधी उचित नीति बनानी चाहिए। उन्होंनें बीपीएल कार्डधारी लाभुकों को निःशुल्क पानी कनेक्शन देने पर एक ओर जहां नगर परिषद को बधाई दी वहीं कहा की पानी आपूर्ति भी निःशुल्क हो। वहीं, लोकल कमेटी सचिव मनोज पासवान, जिला कमेटी के श्याम बिहारी सिंह दिनकर, विजय भोई, रेणु दास, कमलेश गुप्ता, कन्हाई शर्मा, अख्तर खान ने भी अपने-अपने विचार रखे। इसके बाद पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने बेरमो अंचलाधिकारी सह इओ मनोज कुमार को मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर कुणाल कुमार, पंकज महतो, सुरेश प्रसाद, भोला रजक, मनोज शर्मा, शीबू तांती, विनोद कुमार, श्याम नारायण सतनामी आदि लोग मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र स्थित राजगंज-सिजुआ मार्ग पर टिलाटांड रिजर्वर के समीप गुरुवार को अपराह्न तीन बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान राजू तुरी के रूप में हुई है। उधर, घटना से नाराज ग्रामीणों एवं मृतक के परिजनों ने सड़क जाम कर मुआवजा और तत्काल नियोजन की मांग करने लगे। करीब चार-पांच घंटे सड़क जाम के बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों की कड़ी मशक्कत के बाद बीसीसीएल द्वारा तत्काल प्रोविजनल के आधार पर मृतक की पत्नी सुषमा देवी को नियोजन दिया गया। इसके बाद सड़क अवरोध समाप्त हुआ। बतातें चलें कि मृतक सिजुआ क्षेत्र के पीएसटी कोलियरी में जनरल मजदूर के रूप में कार्यरत था। उसके दो बच्चे (एक लड़का- एक लड़की है।

## मैट्रिक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को रवि महतो विद्यालय में किया गया सम्मानित

# पढ़ाई के लिए आर्थिक बाधा कोई मायने नहीं रखती: जलेश्वर महतो

- सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी होता है : बीडीओ आनंद दास

आजाद सिपाही संवाददाता



रवि महतो विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित बीडीओ, पूर्व मंत्री व अन्य।

**महुदा।** रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान सह मैट्रिक उत्तीर्ण विद्यार्थियों के बीच परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि बाघमारा के बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति के अलावा बाघमारा प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष लगनदेव यादव और झारखंड के पूर्व मंत्री सह विद्यालय के संस्थापक जलेश्वर महतो, पदुगोड़ा के मुखिया महेश कुमार पटवारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मधुसुधन की अगुवाई में अतिथियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रस्तुति कर की गयी। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गीत व नृत्य कर अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं, बीडीओ ने आनंद कुमार दास को 96.60 फीसदी अंक लाकर विद्यालय टॉपर, जिला में तीसरा टॉपर व राज्य में आंठवा टॉपर होने पर नगद पांच हजार रुपये, प्रसस्ती पत्र व मेडल देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। बीडीओ ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारण करना जरुरी हैं। वहीं, जलेश्वर महतो ने कहा कि पढ़ाई के लिए आर्थिक बाधा कोई मायने नहीं रखता हैं। अगर मन में दृढ निश्चय हो तो सफलता कदम चूमेगी। जबकि प्रधानाचार्य ने कहा कि जीवन पथ में सदा आगे बढ़ने के लिए सतत अध्ययन करते रहना चाहिये। स्वाध्याय पर ज्यादा जोर देते रहना चाहिये। इस मौके पर डॉ गौतम कुमार, समाजसेवी शिवांकर महतो, प्रो भरत महतो, प्राचार्य अनूप चक्रवर्ती, कुलदीप ठाकुर, आनंद साव, बीएड कॉलेज के डॉ राजेश यादव, एचओडी नवीन मंडल, ठाकुर महतो, समाजसेवी सुषमा देवी और भुवनेश्वरी देवी आदि थे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, रामगढ़**

**भर्त्ती कैम्प दिनांक 11 जुलाई 2023**

**सूचना**

जिला नियोजनालय, रामगढ़ के कार्यालय परिसर में दिनांक 11 जुलाई 2023 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराहन् 04.00 बजे तक भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के निम्नलिखित प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियॉं निम्नलिखित है :–

| Sl No | Name & Address of the Employer | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary (Rs.) | Remarsk |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Bihar Foundry & Casting Ltd., Ramgarh | Poclain Operator | 02 | 10th Pass | 25-35 Year | Highly Skilled Category (As per Govt. Norms) | The Applicant should have a Valid Heavy Motor Vehicle Driving Licence (Eye Vision 6/6 – without Lence) |
| | | JCB Driver | 02 | 10th Pass | 25-35 Years | | |
| | | Hyva Driver | 02 | 10th Pass | 25-35 Years | | |
| | | Tanker Driver | 02 | 10th Pass | 25-35 Years | | |
| | | Tractor Driver | 02 | 10th Pass | 25-35 Years | | |
| 2. | JIS Foundation, Ramgarh | Block Mobilizer | 06 | 10th /12th/GraduatePass | 18-35 Years | 10000-15000/- | |
| | | IT Trainer | 01 | BCA/B.Tech | 20-35 Years | 15000-20000/- | |
| | | Soft Skill Trainer | 01 | Graduate Pass | 20-35 Years | 15000-20000/- | |
| | | Counsellor | 01 | Graduate Pass | 20-35 Years | 10000-15000/- | |
| 3. | Parralax Honda, Ramgarh | Washing Helper | 01 | 10th Pass | 19-29 Years | 9000/- | |
| | | CRE | 02 | 12th Pass | 19-29 Years | 9000/- | |
| | | Advisor | 01 | 12th Pass | 19-29 Years | 9000/- | |
| | | Sales Executive | 02 | 12th Pass | 19-29 Years | 9000/- | |
| 4. | Jan Jyoti Educational & Charitable Trust, Ramgarh | Marketing Manager (M/F) | 10 | 10th Pass | 20-35 Years | Negotiable | May be Accommodation Facility |
| | | Assistant Centre Manager | 02 | Graduate & Good Computer Skill | 20-35 Years | | |
| | | Computer Teacher (M/F) | 02 | 12th Pass & Good Computer Skill | 20-35 Years | | |
| | | GDA Teacher (Nursing- Female) | 02 | GNM | 20-40 Years | | |
| | | Placement Coordinator | 02 | Graduate & Good Computer Skill | 20-35 Years | | |
| | | Electrician Instructor | 04 | Diploma/B.Tech in Electrical Engg. | 20-40 Years | | |
| | | Fitter Instructor | 04 | Diploma/B.Tech in Mechanical Engg. | 20-40 Years | | |
| | | Operation Head | 01 | Graduate & Good Computer Skill | 20-35 Years | | |
| | | Placement Head | 01 | Graduate & Good Computer Skill | 20-35 Years | | |
| | | Mobilzer Head | 02 | Graduate & Good Computer Skill | 20-40 Years | | |
| | | Counselor | 02 | 12th Pass & Good Computer Skill | 20-35 Years | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://rojgar.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की एक छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है, उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्ताक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लबस इत्यादि का उपयोग करना सभी सुनिश्चित करेगें।

ह०/–
जिला नियोजन पदाधिकारी, रामगढ़

PR 301594 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)

## कार्रवाई: डीएन ग्रुप के 27 ठिकानों पर आयकर का छापा

# कर्मचारी के घर से मिले 30 करोड़ रुपये, महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त

**भुवनेश्वर में 7 जगहों पर की जा रही है छापेमारी**

**100 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकद रसीदें मिली**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** आयकर विभाग ने राजधानी भुवनेश्वर में एक बड़ी कार्रवाई की। विभाग की बुधवार को शुरू हुई कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयकर विभाग ने डीएन ग्रुप के राज्य और राज्य के बाहर 27 से ज्यादा जगहों पर एक साथ छापा मारा है। केवल भुवनेश्वर मे ही 7 जगहों पर छापेमारी की खबर है। विभाग के अधिकारियों ने प्रतिष्ठान के एक कर्मचारी के घर से 30 करोड़ रुपये जब्त किये हैं। डीएन ग्रुप के मालिक जगदीश प्रसाद नायक के घर, नयापल्ली में डीएन ग्रुप के मुख्य कार्यालय, व्यापारिक प्रतिष्ठान के निदेशक और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और नजदीक रिश्तेदारों के घर पर भी छापेमारी की गयी है। छापेमारी मे निवेश से संबंधित कागजात मिले। विभागीय अधिकारियों ने संबंधित कागजातों को जब्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिष्ठान द्वारा टैक्स चोरी की संभावना जतायी जा रही है। आयकर अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। प्रतिष्ठान के मासिक टर्नओवर और अन्य आय के स्त्रोतों, खर्च आदि का हिसाब-किताब देखा जा रहा है। उसका मिलान प्रतिष्ठान द्वारा सालाना आयकर रिर्टन के साथ किया जा रहा है। इसके बाद ही कितने की आयकर की चोरी की गयी है, यह जानकारी मिल सकेगी।

सूत्रों के मुताबिक छापेमारी में तीन ट्रंक मिले। इनमें रुपये और कागजात होने की चर्चा है। इसके साथ ही छापेमारी के दौरान एक अटैची भी मिली। बताया गया है कि छापेमारी में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के नगद मिले हैं। उधर,जानकारी के अनुसार ग्रुप के कर्मचारी चंद्रशेखर पंडा के घर से मिले 30 करोड़ रुपये मिले। जिसे जब्त कर लिया गया है। चंद्रशेखर पंडा को हिरासत में ले कर पूछताछ भी की जा रही है। विभाग के अधिकारी पांडा को बीएसएनएल कॉलोनी स्थित आयकर कार्यालय ले कर आये। चंद्रशेखर के घर से एक ट्रंक और एक ब्रीफकेस मिला था। ट्रंक और अटैची रुपये से भरे होने की चर्चा है। उधर, खबर लिखे जाने तक कर्मचारी चंद्रशेखर पंडा के घर पर छापेमारी जारी थी। इसबीच पांडा से 30 करोड़ रुपये के बारे में पूछताछ की जा रही है। अभी तक इस बारे में उन्होंने कोई संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दिया है। खबर लिख जाने कतक विभाग की कार्रवाई जारी थी। कार्रवाई समाप्त होने के बाद ही ग्रुप द्वारा कितने की आयकर चोरी की गयी है सिकी जानकारी मलि सकेगी।

# वेदांता एल्युमीनियम ने इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट का किया विस्तार





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत में एल्युमीनियम का सबसे बड़ा उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम, अब भारत के इलेक्ट्रिक लिथियम-आयन फोर्कलिफ्ट के सबसे बड़े बेड़े की मेजबानी करता है, जिसकी कुल 44 इकाइया अब ओडिशा और छत्तीसगढ़ में अपने परिचालन में तैनात हैं। कंपनी ने हाल ही में ओडिशा के झारसुगुड़ा में अपने मेगा एल्यूमीनियम स्मेल्टर में भारत का पहला 10-टन इलेक्ट्रिक लिथियम-आयन फोर्कलिफ्ट भी चालू किया है। इसके अलावा, इसने ओडिशा के लांजीगढ़ में अपनी विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी और कोरबा, छत्तीसगढ़ स्थित भारत की प्रतिष्ठित एल्युमीनियम उत्पादक अपनी सहायक कंपनी बाल्को में भी पहली बार 3-टन और 5-टन इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट को शामिल किया है।

यह कदम वेदांता एल्युमीनियम के परिचालन की टिकाऊ प्रकृति को काफी मजबूत करता है। GEAR (जेमिनी इक्विपमेंट एंड रेंटल्स प्राइवेट लिमिटेड) इंडिया और TARON लिफ्ट एंड मूव के सहयोग से किया गया, यह वेदांत एल्युमीनियम द्वारा अपने औद्योगिक वाहन बेड़े को डीकाबोर्नाइजिंग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपनी तेज और सुरक्षित बैटरी चार्जिंग क्षमताओं के साथ, ये फोर्कलिफ्ट कार्बन उत्सर्जन और ईंधन की खपत को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए परिचालन दक्षता में क्रांतिकारी बदलाव लाते हैं, अंततः 2050 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के वेदांत एल्युमीनियम के लक्ष्य में योगदान करते हैं।

कंपनी ने 2030 तक अपने लाइट मोटर वाहन (एलएमवी) बेड़े के 100% और 2035 तक अपने खनन बेड़े के 75% को डीकाबोर्नाइजिंग करने के लिए भी प्रतिबद्ध किया है। वित्त वर्ष 23 में, वेदांत एल्युमीनियम अपने यहां 27 फोर्कलिफ्ट को शामिल करके घरेलू विनिर्माण उद्योग के लिए अग्रणी बनकर उभरा। झारसुगुड़ा में संयंत्र, दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमीनियम स्मेल्टरों में से एक है। यह उस समय देश में सबसे बड़े ईवी फोर्कलिफ्ट बेड़े के रूप में उभरा, और कंपनी ने इस वर्ष अपने सभी संयंत्रों में बेड़े के आकार को 44 इकाइयों तक बढ़ा दिया है, जिसे महत्वपूर्ण लोगों द्वारा प्रोत्साहित किया गया है। पहले बेड़े के परिणामस्वरूप डीकाबोर्नाइजेशन लाभ प्राप्त हुआ। यह प्रयास हमारे परिचालनों को डीकाबोर्नाइजिंग की दिशा में उभरती प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन और तैनाती करने के हमारे निरंतर प्रयास का प्रमाण है।

इस विकास के महत्व को साझा करते हुए, वेदांता लिमिटेड-एल्युमीनियम बिजनेस के सीओओ, सुनील गुप्ता ने कहा, वेदांता एल्युमीनियम में, हम एल्यूमीनियम की सर्वोत्तम गुणवत्ता का उत्पादन करने के साथ-साथ अपने स्थिरता प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए नवीन प्रथाओं का पता लगाना और लागू करना जारी रखते हैं। अग्रणी तकनीकी प्रदाताओं के साथ हमारी साझेदारी ने हमें उद्योग में टिकाऊ सामग्री प्रबंधन प्रथाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाया है। भारत के पहले 10-टन इलेक्ट्रिक लिथियम-आयन फोर्कलिफ्ट की कमीशनिंग हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि के रूप में आती है नेट जीरो भविष्य में संक्रमण को तेज करने के लिए।

# मुख्यमंत्री ने तीन मेडिकल कॉलेजों में अग्नि सुरक्षा के लिए 45 पदों को दी मंजूरी

**विभाग स्टेशन ऑफिसर, लीडिंग फायरमैन, हवलदार, ड्राइवर और फायरमैन की होगी नियुक्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर रामचंद्र भंज मेडिकल कॉलेज व अस्पताल कटक, ब्रह्मपुर एम.के.सी.जी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल और बुर्ला वी.एस.एस मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अग्नि सुरक्षा के लिए अग्निशमन विभाग में विभिन्न स्तरों पर 45 नए पदों को मंजूरी दी है। अग्निशमन विभाग के जिन नए पदों को मंजूरी मिली है वे हैं- तीन स्टेशन ऑफिसर, चार लीडिंग फायरमैन, तीन हवलदार, तीन फायरमैन ड्राइवर और 30 फायरमैन के पद इस नये पद के भर्ती से उपरोक्त तीनों मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों की अग्नि सुरक्षा में सुधार किया जा सकेगा।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ट नेता सह पूर्व आइ जी लक्ष्मण सिंह ने भाग लिया। इस दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सत सत नमन किया । इस बाबत सिंह ने इनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद भारत की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले, भारतीय जनसंघ के संस्थापक ओर महान राष्ट्रवादी थे। कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद से इन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की ओर 1980 में यही भारतीय जनता पार्टी बन गई। मुखर्जी का विचार आज भी लोगो को ताकत देती है। डॉ मुखर्जी ने भारत की एकत ओर प्रगति के लिए अपना जीवन खपा दिया। भारत की ससक्त बनाने में इनका अहम योगदान रहा है। काश्मीर में अनुछेद 370 के खिलाफ थे। इन्होंने कहा था कि एक देश मे दो विधान, दो प्रधान ओर दो निसान नही चलेगा। इस कार्यक्रम के बाद श्री सिंह भाजपा द्वारा आहूत संपर्क से समर्थन अभियान हेमरोडीह में शामिल हुए। मौके पर उदय सिंह, पंकज सिंह, परमानंद देव, पप्पू सिंह, शिवशंकर सिंह, सीता राम सिंह, रामेश्वर साव, अरविंद कुमार, श्रवण कुमार, विनय सिंह, मुंसी राम आदि दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

# एमसीएल ने दिव्यांगों को ई-रिक्शा उपलब्ध कराने की बनायी योजना




**संबलपुर जिले में 50 ई-रिक्शा प्रदान करने की योजना**

**एमसीएल ने जिला प्रशासन, संबलपुर को वित्तीय सहायता प्रदान की**

**हरित और स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने में होगा मददगार**

**संबलपुर प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) अपने सीएसआर प्रोजेक्ट सक्षम के तहत ओडिशा के संबलपुर जिले में 50 'दिव्यांग' लोगों को ई-रिक्शा प्रदान करने की योजना बनाई जिससे जरूरतमंदों को आजीविका के अवसर प्रदान करेगा। इस संबंध में संबलपुर प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षरित हुआ है। संबलपुर के 50 'दिव्यांग' लोगों को ई-रिक्शा आवंटित किये जाने के लिए खरीदने हेतु एमसीएल ने जिला प्रशासन, संबलपुर को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

जरूरतमंद दिव्यांगों के लिए स्थायी स्वरोजगार पैदा करने के साथ-साथ यह सीएसआर पहल इलेक्ट्रिक परिवहन को प्रोत्साहित करके हरित और स्वच्छ पर्यावरण को भी बढ़ावा देने में मददगार होगा। एमसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) रजनीकांत पाणिग्रही तथा जिला प्रशासन की ओर से मदनजीत होता, जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारी (डीएसएसओ), संबलपुर ने उक्त समझौता पर हस्ताक्षर किये है।

# अश्विनी वैष्णव ने बालेश्वर जिले के लिए 1.55 करोड़ मंजूर किये

**बाहानागा और आसपास के गांवों में विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपए**

**बालेश्वर जिला अस्पताल के लिए उन्नत जीवन सहायता एम्बुलेंस सहित 35 लाख रुपये**

**बालेश्वर लायंस आई हॉस्पिटल मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर की खरीद के लिए 20 लाख**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 20 और 21 जून को बाहानगा बाजार और बालेश्वर की अपनी यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों, ग्रामीणों और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सदस्यों से मुलाकात की, वैष्णव ने कई यात्रियों की जान बचाने के उनके प्रयासों की सराहना की । स्थानीय निवासियों ने माननीय मंत्री से बात करते हुए क्षेत्र के लिए कुछ मांगें प्रस्तुत किए थे। माननीय मंत्री ने दो सप्ताह के भीतर अपना वादा पूरा किए । उक्त अंचल में उपयुक्त रोशनी व्यवस्था और रात में दृश्यमान के लिए फ्लड लाइट व्यवस्था के साथ 2 हाई मैक्स लाइट प्रावधान के लिए अर्थ आवंटित किया गया है। इस क्षेत्र में ड्रेनेज व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नए ह्यूमस पाइप लगाने का काम जोरों पर है ट्रेंचिंग का काम हो चुका है और निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध है और काम जल्द ही पूरा हो जायेगा माननीय रेल मंत्री ने इस विकासात्मक कार्य को युद्ध समय के आधार पर पूरा करने पर जोर दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एमपी लेड योजना निधि से 1.55 लाख रुपये मंजूर किए हैं जो कि पांठी का एक बड़ा हिस्सा है। माननीय रेल मंत्री ने स्थानीय क्षेत्र के सुधार हेतु एक करोड़ रुपए मंजूर किये हैं। बाहानगा और आसपास के गांवों में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपये, जिसमें शौचालय और ठंडे पेयजल के साथ सामुदायिक केंद्र और हॉल का प्रावधान, बासुली हाई स्कूल के पास बच्चों के पार्क और जिम का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग -16 को लेबल क्रॉसिंग से जोड़ने वाली सड़क का संयोगीकरण और संप्रासरण शामिल है। उनके साथ सरतीरा गांव की सड़क की मरम्मत, प्राणबंधु विद्यापीठ के खेल के मैदान में सुधार और 42 सौलार लाइट प्रमुख के वादे को पूरा करने के लिए 1 करोड़ रुपये मंजूर किए। इसके अलावा बालेश्वर जिला मुख्यालय अस्पताल के लिए एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस की खरीद के लिए 35 लाख रुपये और बालेश्वर लायंस आई हॉस्पिटल में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के लिए 20 लाख रुपये वैष्णव द्वारा मंजूर किये गए हैं। परियोजनाओं को माननीय रेल मंत्री की विशेष पहल और निरंतर पर्यवेक्षण से शीघ्रता से कार्यकारी किया जायेगा।





















VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**